हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 25 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 22.4 डिग्री

10 शहर के वार्डों में होंगे डामरीकरण

11 स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच के लिए किया प्रेरित




**खबर संक्षेप**

### फेसबुक दोस्ती कर किसान से 12 लाख की ठगी

**भिलाई।** फेसबुक से दोस्ती कर क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420,409,120 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि किसान कामेश बंजारे ने शिकायत किया है कि फेसबुक से दोस्ती कर अपने कंपनी का ऑनलाइन जानकारी ग्राम गिनगौलिया तहसील मकराना जिला नागौर राजस्थान निवासी बजरंग सिंह राठौर ने दी स्वयं को आरोपी टीएमटी टीएमसी क्रिप्टो करेन्सी के सीईओ बताया था। पीड़ित को कंपनी में नगदी रकम निवेश कर डबल कमाने का सपना दिखाया था। इस दौरान पीड़ित के फेसबुक पर बजरंग सिंह राठौर ने एक लिंक भेजा। जिसमें से एक ग्रुप बनाया गया। इस बीच आरोपी बजरंग सिंह सदस्यों से मिलने 10 अक्टूबर 2021 को पाटन आया था। दोस्त कौशल रात्रे, राज गायकवाड, लोकनाथ सोनवानी, भीषम टंडन, देवशरण कौसले, अमित बारले समेत अन्य 8-10 लोगों को प्लान भी बताया था। बजरंग ने वायलेट में 25 डालर जमा करोगें तो 300 दिन के अंदर 25 डालर डबल होकर 50 डालर मिलने की जानकारी दी। लालच में आकर बजरंग सिंह के फोन पे, गुगल पे, एकाउन्ट नंबर में करीब 10-12 लाख रूपये ट्रांसफर किया गया। जमा करने के एवज में आधा रकम किसान को वापस मिला था। प्लान के तहत धमतरी, रायपुर, कांकेर, बालोद, कबीरधाम, बिलासपुर, राजनांदगांव, अम्बाग चौकी, बेमेतरा से कई लोग जुडे हुये थे। कंपनी के प्लान में नगद राशि निवेश किये है। 10 माह से टीएमटी टीएमसी क्रिप्टो करेंसी का प्लान, वेबसाईड अभी बंद है। निवेशको का नगदी रकम जमा कर रकम दोगुना, तीन गुना करने का झांसा देकर 12 लाख रुपए का ठगी किया।

### लूटपाट तीन गिरफ्तार



**भिलाई।** राहगीरों से लूटपाट करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 (6)126 (2), 296 3 (5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार गेट निवासी शेख शब्बीर उर्फ कल्लू , रोहित उर्फ एलियन, एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार मंगल सिंह को गिरफ्तार किया है। घटना की शिकायत पुलिस से जोन 1 खुर्सीपार निवासी संतोष कुमार सोनी ने किया था। पीडित मंदिर हसौद रायपुर से अपनी एक्टिवा सीजी 07 बीपी 0418 से अपने घर खुर्सीपार घर जा रहा था। इस दौरान तीन युवक सामने से पहुचे और दबंगई दिखाते हुए मोबाइल, जेब से 8 हजार, सोने चा चैन आदि लूट कर फरार हो गए। शिकायत पुलिस से होने पर आरोपी की तलाश में एसीसीयू व खुर्सीपार पुलिस की टीम जुटी हुई थी। कार्रवाई में एसीसीयू प्रभारी तपेश्वर नेताम व खुर्सीपार पुलिस की टीम का योगदान रहा है।

## दंबगई : जन्मदिन की पार्टी में विवाद के बाद इलाज के लिए आया था अस्पताल

# भाजपा नेता के बेटे ने दोस्तों के साथ मिलकर आरक्षक व वार्ड ब्वॉय को पीटा, सुपेला अस्पताल बंद

*सत्ता का सुरूर बच्चों के भी सिर चढ़ने लगा है। लोगों की सेवा को सर्वोपरि मानने वाले अस्पताल और पुलिस कर्मी भी ऐसे लोगों के शिकार हो रहे हैं, जो कायदे-कानून को अपनी जेब में समझते हैं। ऐसी ही घटना को मंगलवार को शासकीय लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला में स्थानीय भाजपा नेता के बेटे ने अपने दोस्तों के साथ अंजाम दिया है। पुलिस कर्मी और वार्ड ब्वॉय से मारपीट कर दी। इस घटना से उद्वेलित डॉक्टर व स्टॉफ ने काम बंद कर दिया। घटना के विरोध में डॉक्टर व स्टॉफ लामबंद होकर थाने चले गए। खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ा। सुपेला अस्पताल में पहुंचे मरीजों की जान हलक पर आ गई। डॉक्टरों व स्टॉफ के इंतजार में दूधमुंहे बच्चों को लेकर पहुंची माताएं, बुजुर्ग और दर्द से कराहती गर्भवती माताओं को इलाज नहीं मिल सका।*

## अस्पताल आने वाले 600 मरीजों का नहीं हुआ इलाज



दूधमुंहे बच्चे के साथ बैठी रूखमणी।




अस्पताल में घंटों इंतजार करते रहे इस तरह मरीज। इन मरीजों में कई मरीज गंभीर बीमारी का इलाज कराने पहुंचे थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शासकीय लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला में मंगलवार को 600 से ज्यादा मरीजों को इलाज नहीं मिल पाया। वार्ड ब्वॉय से मारपीट की घटना के विरोध में डॉक्टर व स्टॉफ ने काम बंद कर दिया। सुबह साढ़े 6 बजे की घटना थी। मरीज अस्पताल के खुलने के समय सुबह साढ़े 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक पहुंचते रहे और बिना इलाज के वापस लौटते रहे। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने आपात चिकित्सा व पीएम कार्य को जारी रखा लेकिन मरीजों की तकलीफ कम नहीं हुई।

### बच्चों से लेकर बड़ों तक को नहीं मिला इलाज

शासकीय अस्पताल सुपेला में श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र के लोग सबसे ज्यादा इलाज के लिए आते हैं। यहां मरीजों को यह बताने वाला कोई नहीं था कि अस्पताल में इलाज होगा भी कि नहीं। संजय नगर सुपेला से आई रूकमणी बाई अपने दूधमुंहे बच्चे को लेकर घंटों तक यहां बैठी मिली। रूकमणी ने बताया कि उसका बच्चा बीमार है और यहां डॉक्टर कब आएंगे पता नहीं। पावरहाउस सुपेला की सईदा, शैल सहित कई महिलाएं अपने बच्चों को लेकर उपचार के लिए पहुंची। उन्होने बताया कि दस दिन पहले ही बच्चा हुआ है। बच्चे के सिर में बड़ा सा फोड़ा निकल आया है। शैल ने बताया कि उसे चक्कर आते हैं और चल नहीं पाती। रामकुमार ने बताया कि पैर में काफी तकलीफ है। चल भी नहीं पाते। सहारा लेकर यहां इलाज कराने आए है। ऐसे कई मरीज पूरे दिन बिना इलाज के मायूस लौटे।

### डिलवरी वार्ड में मरीज भगवान भरोसे

डिलवरी वार्ड में आधा दर्जन महिलाएं भर्ती हैं। इन महिलाओं की हालत जानने न कोई डॉक्टर पहुंचा और न ही कोई स्टॉफ। डिलवरी के लिए भी यहां रामनगर और छावनी से महिलाएं आई थी। इन महिलाओं ने नाम तो नहीं बताया लेकिन कई घंटे रूकने के बाद वे जिला अस्पताल के लिए निकल गए। उन्होने बताया कि स्त्री रोग चिकित्सक को दिखाने के लिए आए थे। दर्द हो रहा है। डिलीवरी की डेट की इसी समय का दिया हुआ है। कई महिलाओं को सोनोग्राफी नहीं हो पाई। गर्भवती महिलाओं को रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा सका।

### आपात चिकित्सा में केवल एक्सीडेंट देखें

आपात चिकित्सा में डॉ. श्रेयस की ड्यूटी लगी थी। इस दौरान कई महिलाएं चक्कर आने और अन्य समस्या को लेकर आपात चिकित्सा कक्ष के बाहर खड़ी दिखी लेकिन डॉक्टर ने दरवाजा और खिड़की दोनों की बंद कर रखे थे। यहां मौजूद एक स्टॉफ को जब कहा गया तो उन्होने खिड़की खटखटाकर खुलवाया। डॉक्टर ने कहा कि वे एक्सीडेंट ही केस देखेंगे। अन्य नहीं। उसके बाद कई मरीज वापस लौट गए।

### हर दिन की ओपीडी 600 से 700 मरीज

सिविल अस्पताल सुपेला की एक दिन की ओपीडी 600 से 700 मरीजों की है। इस हिसाब से इतने मरीजों को उपचार नहीं मिल पाया। आर्थो विभाग, दंत रोग विभाग, जनरल मेडीसीन विभाग, नेत्र रोग विभाग, फिजियोथैरेपी सहित अन्य विभाग का कामकाज बंद रहा। पैथालाजी की जांच नहीं हो पाई। ड्रेसिंग और दवा वितरण कार्य नहीं हुए। पैथालॉजी बंद होने से टेस्ट नहीं किए गए। कई मरीज ऐसे थे जिनका टेस्ट एक दिन पहले हुआ था और उसकी रिपोर्ट लेकर डॉक्टरों को दिखानी थी।

## मुख्य आरोपी सहित 3 गिरफ्तार

**भिलाई।** भाजपा नेता के बेटे ने अपने पांच दोस्तों के साथ सिविल अस्पताल सुपेला में वार्ड ब्वॉय और आरक्षक से मारपीट कर दी।

मुख्य आरोपी युवक अभय चौबे चरोदा क्षेत्र के भाजपा नेता राजीव चौबे का पुत्र है। अभय मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे अपने हाथ में आई चोंट का इलाज कराने आया था। किसी के जन्म दिन की पार्टी में विवाद के दौरान यह चोटें उसे पहुंची। नवीन नगर एसबीआई बैंक चरोदा भिलाई तीन निवासी अभय चौबे, शांति पारा भिलाई 3 सागर पटेल, गौतम सिंह बिना नंबर की स्कार्पियो वाहन में सवार हो कर



लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचे थे। पुलिस ने इन तीनों का गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सहयोगी आरोपी गिनीश साहू, हरीश तारक उर्फ मुन्ना की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### सीसीटीवी के फुटेज से आरोपी शिनाख्त

घटना की सूचना पर सुपेला पुलिस मौके पर पहुची और अस्पताल परिसर में लगे सीसी कैमरे का फुटेज को खंगाला गया। जिसमें उक्त तीनों युवकों का शिनाख्त किया गया। पांचो युवकों ने ड्यूटी पर तैनात वार्डबॉय अंशु चौहान से साथी का उपचार कराने की बात कही थी। अंशु ने उन्हें 23 नंबर काउंटर से पर्ची कटाकर लाने को कहा। भाजपा नेता का बेटा अभय चौबे पर्च कटवाने को लेकर विवाद कर लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि अभय अपने साथियों के साथ वार्डबॉय से गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विवाद के बाद अस्पताल में तैनात पुलिस कर्मी मौके पर पहुचा लेकिन आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट करने लग गए। पुलिस कर्मी के कक्ष में आरोपी घुस गए और तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। कॉलर पकड़कर पुलिसकर्मी को भीतर बैठा दिया। इस दौरान अस्पताल कर्मियों ने घटना का वीडियों बनाना शुरु कर दिया।

### 3 गिरफ्तार, फरार की तलाश जारी

घटना की शिकायत के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार किया है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। वाहन में युवक का आरोपी उपचार कराने पहुचे थे। पर्ची बनाने को लेकर विवाद हुआ था।

-सत्यप्रकाश तिवारी, सीएसपी भिलाई नगर

### मारपीट की वजह से विरोध

स्टॉफ के साथ मारपीट के विरोध में मंगलवार को अस्पताल की ओपीडी बंद रही। इमरजेंसी व पीएम कार्य हुए हैं। हमारी मांग है कि 3 - 3 शिफ्टों में दो - दो कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई जाएं। सभी दोषियों पर कार्रवाई हो।

-डॉ. पियम सिंह, प्रभारी सिविल अस्पताल सुपेला

## चावल तस्करीः आटो में पकड़ाया 22 कट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर में चावल तस्करी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार पीडीएस चावल तस्करी करने वालों पर खाद्य विभाग की मेहरबानी होने के कारण जिले में कारोबार बेखौफ तरीके से जारी है। मंगलवार को वैशाली नगर थाना क्षेत्र के वैकुंठ धाम में कुछ लोगों ने एक ऑटो चालक को सरकारी चावल की तस्करी करते पकड़ा है।

ऑटो में 22 कट्टा चावल लोड था। ऑटो चालक का मनीष कुमार साव है। पूछताछ में चावल तस्करी को लेकर बताया कि वृंदा नगर निवासी सूरज साव के कहने पर चावल को जेवरा सिरसा स्थित गायत्री राइस मिल में बेचने जा रहा था। जिसे वैकुंठधाम क्षेत्र लाया जा रहा था। जहां सूरज साव का गोदाम है। जहां सरकारी दुकान से चावल खरीदकर डंप किया जाता है। इसके बाद ऑटो सीजी 07 सीएस 4398 में लोड करके मिल में भेज दिया जाता है। चावल लोड करके ले जाते हुए मनीष कुमार साव को वहां के लोगों ने पकड़ लिया। लोगों ने उसे वैशाली नगर पुलिस थाने लेकर आई।

पुलिस ने कापर्रवाई करने से मना करने पर लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। इस दौरान खाद्य विभाग चावल को लेकर जानकारी दी गई। मौके पर खाद्य निरीक्षक चंद्रकांत बघेल वैशाली नगर थाने पहुंचे। उन्होंने चालक मनीष कुमार साव का बयान दर्ज किया। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने चावल को जब्त कर उसका सैंपल जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात अधिकारियों ने कहा है।

**खास बातें**

- वृंदा नगर के सूरज साव का निकला चावल
- खाद्य विभाग की है मेहरबानी
- बैकुंठधाम में बड़ा गोदाम



### एक ट्रीप का मिलता है 400 रुपए

ऑटो चालक मनीष कुमार साव ने बताया कि वो सूरज साव के कहने पर चावल को जेवरा सिरसा स्थित गायत्री राइस मिल में बेचने जा रहा था। सूरज साव उसे एक ट्रिप का 400 रुपए भाड़ा देता है। उसने बताया कि सूरज साव अपने गोडाउन से चावल को दो पहिया वाहन से ऑटो तक लाता है और लोड करके भेजता है। वो कभी भी ऑटो को गोडाउन के पास नहीं लगवाता है। इस तरह चॉवल की तस्करी सूरज के द्वारा किया जा रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारियों की मेहराबनी के चलते कारोबार जिले में बेखौफ तरीके से जारी है।

## पुलिस ने ठेकेदार व सुपरवाइजर का भेष बनाकर अनाचार के आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

फेसबुक से दोस्ती कर युवती के साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर कार्रवाई किया है।सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना भट्ठी थाना क्षेत्र में 2023 का है। युवती भिलाई में रहकर पढ़ाई कर रही थी। तभी फेसबुक से बेलरगोंडी थाना डौडी जिला बालोद निवासी दिनेश कुमार मंडावी नामक युवक से दोस्ती हो गई। पहले तो दोनो में जान पहचान हुई। उसके बाद दोनों ने आपस में बातचीत करना शुरू कर दिया। धीरे धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों का मिलना जुलना भी शुरु हो गया। इसके बाद दिनेश ने युवती को शादी खा झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाना शुरु कर दिया। युवती से दिनेश लगातार संपर्क में रहने लगा। उसका शारीरिक शोषण भी करता रहा। कुछ समय बीतने के बाद जब युवती ने दिनेश पर शादी के लिए दबाव बनाना शुरु किया। तब दिनेश ने शादी करने से इंकार कर दिया। फिर युवती से मिलना जुलना भी बंद कर दिया फोन तक नहीं करता था। परेशान युवती ने घटना की शिकायत पुलिस थाने में की। युवक का लोकेशन पुलिस ने ट्रेस किया और कांकेर पहुच गई। जहां के जिला के खड़गांव जंगल में दिनेश मंडावी छिपकर रहता था। पुलिस तुरंत उसे गिरफ्तार कर भिलाई लाई। पुलिस युवक को पकड़ने ठेकेदार और सुपरवाइजर बनकर पहुची थी।



- वर्ष 2023 भट्ठी थाना क्षेत्र की है घटना
- फेसबुक से दोस्ती कर किया अनाचार

## डेंगू से एक और युवक की मौत

**भिलाई।** दुर्ग जिले के डेंगू पैर पसार रहा है। दुर्ग केलाबाड़ी क्षेत्र के निवासी 33 वर्षीय विवेक देशमुख की मौत डेंगू से हो गई। यह डेंगू की वजह से सातवीं मौत है। देशमुख जयपुर में एक सहायक प्रोफेसर के तौर पर कार्यरत थे, डेंगू का शिकार हो गए। विवेक की तबीयत खराब होने पर 14 सितंबर को जयपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी डेंगू जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। हालांकि, उनकी एलाइजा रिपोर्ट निगेटिव रही। स्वास्थ्य में मामूली सुधार के बाद परिवार ने विवेक को दुर्ग वापस लाया, लेकिन उनकी तबीयत अचानक फिर से बिगड़ गई। उन्हें दुर्ग के सेक्टर-9 अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




## मुख्य पाइप लाइन में लीकेज, 29 व 30 सितंबर को नलों में नहीं आएगा पानी

# दो दिन तक नहीं मिलेगा भिलाई व रिसाली में पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भरी बरसात में दो दिनों तक भिलाई और रिसाली निगम क्षेत्र के रहवासियों को पानी नहीं मिलेगा।

शिवनाथ नदी से भिलाई निगम के जल शोधन संयंत्र में पानी लाने के लिए लगी मेन पाइप लाइन में लीकेज हो गया है। जिसकी वजह से इस पाइप लाइन को सुधारने का कार्य होना है। सुधारने में तीन दिन लगेंगे। इस कार्य की वजह से मुख्य पानी टंकियों को भरा नहीं जा सकेगा।

### दूसरे पर निर्भरता है रिसालीवासियों की

जब भी कोई फाल्ट या समस्या भिलाई के जल शोधन संयंत्र में या फिर शिवनाथ स्थित फिल्टर प्लांट में आता है रिसालीवासियों को भी साथ में भुगतना पड़ता है। इसकी मुख्य वजह है कि रिसाली निगम अब तक पेयजल के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हुआ है। इस निगम में 40 वार्ड हैं। इन वार्डवासियों को जलआपूर्ति भिलाई निगम के जलशोधन संयंत्र से पानी की सप्लाई होती है।



### पानी के रिसाव को करेंगे ठीक

नगर पालिक निगम भिलाई के जलशोधन संयंत्र में शिवनाथ नदी से रॉ-वाटर लिया जाता है। रॉ-वाटर पाईन लाईन पटेल चौक दुर्ग के समीप बीएसएनएल आफिस के सामने लिकेज हो गया है। जिससे पानी का रिसाव हो रहा है। इस लीकेज का संधारण 28 सितम्बर को किया जाना है। लीकेज संधारण का कार्य 29 सितम्बर देर रात पूर्ण होने के संभावना है। लीकेज संधारण हेतु शट-डाउन 29 एवं 30 सितम्बर को लिया जाएगा। इसलिए पानी सप्लाई रिसाली व भिलाई निगम क्षेत्र में नहीं होगी। निगम द्वारा दिए गए समय पर काम पूरा होगा या नहीं यह भी संशय है।

### तीन महीने में छठवीं बार दिक्कत

पिछले तीन महीने के दौरान भिलाई और रिसाली वासियों को छठवी बार है कि पीने के लिए पानी नहीं मिलेगा। कभी बिजली में दिक्कत तो कभी शिवनाथ नदी स्थित मोटर पंप के खराब हो जाने की समस्या रही है। भिलाई स्थित जलशोधन संयंत्र में ही तीन बार फाल्ट आ चुका है। जिसकी वजह से शहर में पेयजल की समस्या से लोगों को जूझना पड़ा है।

**वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए निगमों ने :** दो दिनों तक शहरवासियों को पानी नहीं मिलने की जानकारी निगम ने दी है लेकिन वैकल्पिक इंतजाम के लिए चुप्पी साध रखी है। दोनों निगमों ने गर्मी के सीजन में करोड़ों रुपए खर्च कर टैंकर खरीद रखें हैं। गर्मी सीजन समाप्त होने के बाद इनका उपयोग नहीं करते।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### कांग्रेसियों ने पटेल चौक में किया विरोध प्रदर्शन

दुर्ग। कवर्धा के लोहडीगुडा में आगजनी, हत्याकांड की घटना को लेकर आगामी 23 सितंबर को दुर्ग के हृदय स्थल कचहरी चौक पर जिला साहू संघ दुर्ग युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा एवं पुलिस अधिकारी अभिषेक पल्लव पर आक्रोश व्यक्त किया गया। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपकर पीड़ितों को न्याय दिलाने एवं अपराधियों को दंडित करने के साथ साथ घटना में संलिप्त पुलिस वालों को भी बर्खास्त करने की मांग की है। इस अवसर पर जिला साहू संघ दुर्ग युवा प्रकोष्ठ संयोजक मुकेश साहू,देव कुमार सम्भागीय अध्यक्ष साहू संघ दुर्ग, जिला पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष अशोक साहू , जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू , हेमा साहू, हर्ष देव साहू संयोजक युवा प्रकोष्ठ परिक्षेत्र, कुलेश्वर साहू, सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

दुर्ग। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने गरबा पंडालो में अश्लील गाने पर कार्यवाही की मांग की है। बजरंग दल ने पंडालो में झांकी व मूर्ति पूजन पूर्णतः निःशुल्क रखने की मांग की गई है। इस दौरान आसामाजिक तत्वों पर नजर रखने की मांग प्रशासन से की गई है। कार्यक्रम में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद मंदिर अर्चक पुरोहित प्रांत प्रमुख प्रो. आचार्य निलेश शर्मा, बजरंग दल विभाग सह संयोजक राकेश रामलोचन तिवारी, मातृशक्ति विभाग सह संयोजका रामेश्वरी साहू, दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका लक्ष्मी निषाद, विश्व हिंदू परिषद दुर्ग ज़िला अध्यक्ष मनीष बुचासिया, बजरंग दल ज़िला संयोजक सौरभ देवांगन, ज़िला सह संयोजक पुष्पराज सिंह, ज़िला सेवा प्रमुख जितेश सिंह, विश्व हिंदू परिषद दुर्ग नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, नगर मंत्री नीरज सिंह राठौर, बजरंग दल नगर संयोजक बलदाऊ साहू के साथ सभी बजरंगी भाई उपस्थित रहे।

### शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने वोरा से मांगा समर्थन



दुर्ग। छत्तीसगढ़ में 33 हजार शिक्षकों की भर्ती को लेकर संघर्ष कर रहे बीएड और डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस नेता अरुण वोरा से उनके निवास पर मिला। अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी और आरक्षित वर्ग के लिए 5 प्रतिशत छूट की मांगों के लिए वोरा से समर्थन मांगा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रदेश में 78,000 शिक्षक पद रिक्त हैं, जिनमें से 33,000 पदों पर भर्ती की घोषणा भाजपा सरकार द्वारा की गई थी, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे लाखों अभ्यर्थी हताश हैं। वोरा ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें अपने समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा आपकी मांगें उचित हैं और मैं आपके संघर्ष में आपके साथ हूं।

# एप के जरिए नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान बताया गया कि एम परिवहन एप के माध्यम से यातायात नियमों का पालन ना करने वालो का फोटो, वीडियो शेयर किया जा सकता है। जिस पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर हुई दुर्घटनाओं की रोड, थाना तथा सड़कवार रिर्पाट्स की गहन समीक्षा की तथा चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए विभिन्न सुझावों पर विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये। इसमें विशेष रूप से सड़कों से अवैध कब्जे हटाना, प्रकाश व्यवस्था, संकेतक, रोड मार्किंग व गति नियंत्रक बोर्ड लगाना आदि शामिल है। कलेक्टर ने जनवरी 2024 से सितम्बर तक सड़क दुर्घटनाओं की रोड, समय एवं वाहन वार समीक्षा की। उन्होंने लेफ्ट टर्न फ्री लगाने एवं डिवाईडर लगाने को कहा। यातायात नियमों की पूरी जानकारी नही होने के कारण लोग जहां तहां कही से भी टर्न हो जाते है जिसके कारण दुर्घटनाएं होती है। जिले से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग मार्ग और राजकीय सड़कों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों में होने वाले सड़क दुर्घटना रोकने के लिए जागरूकता लाने को कहा गया।

## कलेक्टर एवं एसपी ने आम नागरिकों से की अपील, उपकरणों का करें उपयोग

### अंधेरी सड़क पर लगाए लाइट

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कहा सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गो को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले पॉइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप बनाने को कहा। दुर्घटनाजन्य वाले स्थानों पर गति नियंत्रण के लिए जिगजैग, आवश्यक स्थानों पर साईन बोर्ड लगाने, रात्रि में अंधेरे की वजह से हो रही दुर्घटनाओं वाले स्थानों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। डी.एस.पी. यातायात सतीश ठाकुर ने बताया कि, जनवरी माह की अपेक्षा लगातार दुर्घटनाओं में कमी हुई है। पूर्व में सबसे अधिक बिना हेलमेट पहने वाहन चलाना एवं शराब का सेवन किया जाना पाया गया।



### ब्लैक स्पाट्स में हो सुधार

डीएसपी ने कहा लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग को नेहरू नगर, शिवनाथ नदी, नेवई ओवर ब्रिज में डिवाईडर का निर्माण कराने तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था कराने, बारिश के कारण शिवनाथ नदी पुल के दोनों किनारे में एकत्रित रेती, गिट्टी, मिट्टी की सफाई करने और पुलगांव नाला पुल पर बने क्षतिग्रस्त क्रस बैरियर का मरम्मत करने को कहा। भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी को नेहरू नगर ब्रिज से पंथी चौक तक रोड चौड़ीकरण कर डिवाईडर निर्माण एवं लाईट की व्यवस्था, सुपेला अंडर ब्रिह के पास गैरेज रोड में जे.पी. चौक के दोनों ओर 100-100 तक डिवाईडर एवं रोटरी निर्माण कराने, चाईना मार्केट को बोरिया गेट से अन्यत्र स्थानांतरित करने हेतु उपयुक्त जगह चिन्हांकित करने को कहा गया।

## पखवाड़ा : मोबाइल के जरिए भी बनाया जा रहा हैं आयुष्मान कार्ड

# तीन लाख सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनाने घर-घर देंगे दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

### आगामी तीस सितंबर तक गांव और शहर में चलेगा अभियान

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले में ऐसे करीब तीन लाख सदस्यों ने आयुष्मान कार्ड नही बनाया है। ऐसे परिसार के सदस्यों तक पहुंचने आयुष्मान पखवाडा का जिलेभर में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अब डोर टू डोर सदस्यों का कार्ड बनाया जाएगा। वही ग्राम पंचायत, अस्पताल और स्कूलों में विविध गतिविधियों भी कराई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2011 के जनगणना अनुसार जिले में 17 लाख की आबादी है। जिसमें अब तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा 14 लाख सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बना लिया गया हैं, वहीं तीन लाख सदस्य अब भी आयुष्मान कार्ड से वंचित है। ऐसे लोगों तक पहुंचने प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत के सचिव, आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका, स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी डोर टू डोर दस्तक देगें। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा आयुष्मान पखवाडा ग्राम पंचायत व शहर के वार्डो में आयोजित करने के निर्देश दिए गए है। पखवाडा अभियान का आगाज बीस सितंबर से शुरू हो गया है, जिसके तहत डोर टू डोर अमला पहुंचेगा और तीस सितंबर तक कार्ड बनाया जाएगा।



### गतिविधियों का देना होगा फोटोग्राफ

आगामी तीस सितंबर तक स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्विभागीय सम्न्वय करते हुए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ, ए.एन.एम., सी.एच.ओ., ग्राम पंचायत सचिव, नगरीय निकाय के कर्मचारी एवं अन्य प्रतिनिधि तथा च्वाईस सेंटर के माध्यम से हितग्राहियो का डोर-टू-डोर जाकर आयुष्मान कार्ड पंजीयन करेगें। सरपंच एवं अन्य जन प्रतिनिधियो की सहायता से आंगनबाडी कार्यकर्ताओ व मितानिनो बैठक का आयोजन कराया जाएगा। बैठक के फोटोग्राफ अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने कहा गया है।

### योजना से जोड़ने करेंगे ऐसा जतन

जिले में करीब तीन लाख लोग योजना से वंचित है। इन्हें जोडने के लिए प्रशासन द्वारा पखवाडा अभियान के तहत पंजीकृत अस्पतालों में जांच शिविर, गांव में चौपाल, सभा का आयोजन, सायकल व बाईक रैली, स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता के जरिए योजना की जानकारी दी जाएगी। इस पखवाडा अभियान का आयोजन आगामी तीस सितंबर तक किया जाएगा।

### आज स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता

जिला स्तरीय कार्यक्रम में पंजीकृत चिकित्सालयो की उपस्थिति में 6-7 पंजीकृत शासकीय एवं निजी चिकित्सालयो को पुरस्कृत किया जाएगा। मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगें, वही शिक्षा विभाग द्वारा समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलो में निम्न विषयो पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके आलावा 26 सितंबर को जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य के लिये दौड का आयोजन किया जाएगा। वही 25-30 सितंबर तक जिला स्तर पर सांसद एवं विधायक के साथ लाभांवित हितग्राहियो अपना अनुभव साझा करेगें।

# शराब दुकान के विरोध में ग्रामीण हुए लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आबकारी विभाग को इन दिनों ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड रहा है। आबकारी विभाग द्वारा जिले के जोरातराई, डुन्डेरा व जरवाय सहित विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों द्वारा यहां शराब दुकान नही खोलने की मांग को लेकर ज्ञापन भी दिए गए है। ग्राम डुण्डेरा में इन दिनों जोरातराई स्थित शराब दुकान ग्राम के परेवाडीह रोड स्थानांतरित किए जाने की चर्चा को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पिछले दिनों एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को ग्रामीणों ने ग्राम डुन्डेरा प्रवेश के पहले रोक कर शराब दुकान खोले जाने की तैयारी का विरोध करते हुए ग्राम में शराब दुकान नहीं खोलने मांग रखी, वहीं ग्राम डून्डेरा वार्ड न. 36 के पार्षद रोहित धनकर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि, नगर पालिका निगम रिसाली मे अवैध निर्माण के तहत वर्तमान में जोरातराई स्थित शराब भट्टी डून्डेरा में स्थानांतरण किया जा रहा है। इससे सभी ग्रामवासी इस शराब भट्टी के आने की खबर से आक्रोशित है। ग्राम पंचायत खर्रा सरपंच सुखित राम का कहना कि, उनके द्वारा विरोध किए जाने पर उक्त स्थान पर दुकान बनाने रखे गए समान हटा दिए गए, वहीं अब इधर ग्राम पंचायत जरवाय के सरपंच हिरौंदी ठाकुर, पंचगण एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इसमें उन्होंने कहा है कि, समीप ग्राम पंचायत असोगा द्वारा शराब दुकान खोलने की तैयारी चल रही है। सहायक आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल का कहना है कि, जिले के तीन शराब दुकानो को स्थानांतरित करने की तैयारी चल रही है।

■ ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान नहीं खोलने रखी मांग

# सेमरिया में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरिया (गि), जनपद पंचायत धमधा में विकासखंड स्तरीय सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 1000 लोग उपस्थित हुए। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से स्वच्छता मित्रों के स्वास्थ्य, शारीरिक जांच एवं ब्लड टेस्ट किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार के स्वास्थ्य संबंधित समस्या होने पर सेमरिया (गि), स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों के माध्यम से निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में उपस्थित 450 स्वच्छता मित्रों का स्वास्थ्य जांच कराया गया एवं लगभग 1000 लोगों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई। आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 की 4 वर्ष की बच्ची काव्या पाल द्वारा उत्कृष्ट स्वच्छता कविता सुनाई गई, जिसे उपस्थित सभी के द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान, सेल्फी जोन, स्वच्छता रैली, ग्रामीणों द्वारा मानव श्रृंखला, स्वच्छता शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में विजय लहरे, वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी, महेन्द्र सिंह ठाकुर, संकुल प्रभारी, रंजना ठाकुर, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, सूर्यकांत हरदेल, संकुल समन्वयक का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

■ स्वच्छता मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई

# आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों ने पुलगांव चौक तक झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सुबह महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत मिनी माता चौक से लेकर पुलगांव क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, पीआईयू कुणाल, राहुल, शासकीय आईटीआई प्रिंसिपल एके टेम्भेकर, प्रभारी प्रशिक्षण अधीक्षक एए मंसूरी, सहयोगी प्रशिक्षण अधिकारी बी कुमार, राजीव सिंह कलचुरी, बृजेश जांगड़े, निमीष दुबे, डीके देवांगन एवं शासकीय आईटीआई के स्टाफ एवं सफाई कर्मचारी सहित 200 से अधिक बच्चों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि स्वच्छता मिशन के अंतर्गत जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। स्वच्छता मिशन को सफल बनाने के लिए नगर निगम सफाई कर्मी, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, शहर क्षेत्र के स्कूलों, सामाजिक संस्था सहित सफाई कर्मचारी मिलकर जागरूक करते हुए लोगों को स्वच्छता अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं।

■ आईटीआई के स्टाफ सहित 200 छात्रों ने लगाए झाड़ू



# सनातन धर्म विरोधी बयान निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सनातन धर्म रक्षावाहिनी राष्ट्रीय प्रमुख देवेश मिश्रा ने लगातार सनातन धर्म विरोधी बयान देने वाले कांग्रेस नेताओं पर कड़ा विरोध दर्ज किया है।

देवेश मिश्रा ने कहा कि, सनातनी हिन्दू होने के बाद भी चंद राजनैतिक स्वार्थ व लाभ के लिए जिस प्रकार से काँग्रेस के शीर्ष नेता व वामपंथी विचारधारा वाले लोग आये दिन सनातन धर्म विरोधी बयान दे रहे, वह हमारे सनातन हिन्दू धर्म का अपमान व हमारी भावनाओं हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ है। ज्ञात हो कि, गत दिवस पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने एक सार्वजनिक सभा में, एक लोटा जल से कुछ नहीं होने वाला, इसे अंधविश्वास कहना, साथ ही भगवान राम व कृष्ण के चरित्र की व्याख्या गलत तरह से करके आम जनता को रोजगार से संबंधित भाषण दे रहे थे, जो कि घोर निंदनीय है।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 26 सितम्बर को ग्राम अहेरी में

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार ग्रामीण जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 26 सितम्बर को धमधा विकासखण्ड के ग्राम अहेरी में सुबह 10 बजे से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की गई है। ग्राम अहेरी के शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित उक्त शिविर में समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारियों को आवश्यक विभागीय जानकारी के साथ निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### प्लेसमेंट केम्प का आयोजन 26 को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र परिसर में 26 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट केम्प में निजी नियोजक दिनेश इस्पात प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फिटर और इलेक्ट्रिशियन के लिए 5-5 पद और टेक्नोटास्क ब्यूजीनस साल्युशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के लिए 100 पदों की भर्ती की जाएगी। शैक्षणिक योग्यता आईटीआई फिटर एवं इलेक्ट्रिशियन एवं आयु सीमा 22 से 28 वर्ष तक और बारहवी, स्नातक कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट एवं आयु 18 प्लस है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आरके कुर्रे ने इच्छुक अभ्यर्थियों से प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित होने कहा है।

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**॥ ईश्तहार ॥**

रा.प्र.क्र.- 202409102700010/अ-74 / वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक फेरहाराम पिता स्व. सियाराम, निवासी ग्राम फुण्डा, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम फुण्डा प.ह.नं. 03, तहसील बोरी स्थित भूमि ख.नं. 419/4, 500/1 रकबा क्रमशः 0.35, 0.25 हे. जोकि आवेदक फेरहाराम पिता सियाराम के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, की मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन मय बैंक चालान, नक्शा, खसरा एवं बी-1 की नकल, नोड्यूज, पुलिस रिपोर्ट की कापी, तलवाना सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक के नाम पर द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 27.09.2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक. 11.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बोरी




## मुख्यमंत्री व दोनों डिप्टी सीएम का जिले में रहेगा प्रवास

# शहर के वार्डों में होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी नगरीय निकाय चुनाव के पहले मुख्यमंत्री द्वारा दुर्ग शहर विधानसभा में करोडों रूपए के विकास कार्यो की सौगात देंगे।

■ मुख्यमंत्री के आने के पहले तैयारियां शुरु

इसके लिए विधायक गजेन्द्र यादव की अगुवाई में व्यापक पैमाने पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस दौरान स्टेडियम निर्माण से लेकर, सडको का डामरीकरण, सामाजिक भवन व शहर में रोड-नाली के काम किया जाएगा।



मुख्यमंत्री के यहां आने के पहले प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। सोमवार को विधायक गजेन्द्र यादव की अगुवाई में पार्षदों की बैठक सर्किट हाउस में ली गई, जहां उन्होने सभी पार्षदों को भीड जुटाने टारगेट दिया है। मंगलवार को इसी मसले पर निगम प्रशासन की बैठक ली गई। जिसमें विकास कार्यो के भूमिपूजन से लेकर नए कार्यो का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान वार्ड चार गया नगर में दो करोड और वार्ड 58 में भी दो करोड की लागत से सर्वसुविधायुक्त मांगलिक भवन बनाए जाएंगे। इसके आलावा 56 स्थानों में सीमेंटीकरण व नाली बनाया जाएगा। पचास लाख की लागत से गोंडवाना भवन में नव निर्मित भवन बनाने भूमिपूजन होगा। विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, 23 करोड में अधोसंरचना, सांसद व विधायक निधि सहित डीएमएफ के फंड शामिल हैं।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अनुरूध बने अजीत जोगी युवा मोर्चा दुर्ग संभाग अध्यक्ष



**भिलाई।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जेके प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के निर्देशानुसार अजीत जोगी युवा मोर्चा संगठन को पुनगठित करते हुए अजीत जोगी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष गौरव सिंह द्वारा अनुरूध वर्मा को अजीत जोगी युवा मोर्चा का दुर्ग संभाग अध्यक्ष बनाया गया है।

### जन जागरुकता अभियान 29 को

**अंडा।** दुर्ग जिला निषाद केवट समाज द्वारा भरदा-चंगोरी परिक्षेत्र में जिला युवा प्रकोष्ठ द्वारा सामाजिक जन जागरूकता अभियान परिक्षेत्र के सभी गांव में जाकर समाज के युवा, महिला, बुजुर्ग को सामाजिक, राजनीति एवं समाज संगठन को मजबूत करने में परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाज के सभी 15 गांवों में प्रत्येक रविवार को सामाजिक संदेश के तहत जन जागरूकता अभियान क्षेत्र में चलाई जा रही थी उनका समापन कार्यक्रम। परिक्षेत्रीय कार्यालय निषाद भवन ग्राम खांड़ा में 29 सितंबर को की जाएगी। इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ. घनश्याम निषाद, उपाध्यक्ष बुधारु राम निषाद आदि मौजूद रहेंगे।

## निधन

### सावित्री देवी



**भिलाई।** गांधी नगर, दीक्षित कालोनी, निवासी सावित्री देवी उम्र 95 वर्ष का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा बुधवार को उनके निवास स्थान गांधी नगर से सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे ब्रजमंडल भिलाई के वरिष्ठ आजीवन सदस्य प्रवीण चंद्र शर्मा की मां थीं।

### निर्भय यादव



**भिलाई।** ग्राम कचान्दुर निवासी निर्भय यादव उम्र 75 वर्ष का आकस्मिक निधन 24 सितम्बर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार कचान्दुर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे गौतम यादव, गोपाल यादव, उत्तरा यादव के पिता थे।

### कुसुम देवी देशलहरा



**भिलाई।** कुसुम देवी देशलहरा उम्र 92 वर्ष का निधन 24 सितंबर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 25 सितंबर को सुबह 10 बजे हरनाबांधा के लिये निकलेगी। वे अपने पीछे अनिल, मनोज, नवीन देशलहरा सहित भरापूरा परिवार छोड गई है।

### विवेक देशमुख



**भिलाई।** केलाबाड़ी दुर्ग निवासी विवेक देशमुख उम्र 33 वर्ष का निधन 23 सितंबर को हो गया। वे स्व. बिंदे राम देशमुख व चंद्रप्रभा देशमुख के पुत्र और पारितोष देशमुख के छोटे भाई, यशवंत,पोषण, सुंदर, संतराम, उत्तम, चंद्रकिशोर, हितेंद्र, लीलाधर, सुबोध के भाई और बलीराम देशमुख का भतीजा था।

## खुरसुल, महमरा, सिलोदा, खपरी सहित प्रभावित किसानों का जाना हालचाल

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर क्षतिपूर्ति का आंकलन करने विधायक ने दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों से मिले विधायक ललित चंद्राकर**



दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांव खुरसुल, महमरा, सिलोदा, खपरी, चांगोरी, खाड़ा, रुदा भोथली, तिरगा, झोला, कोलिहापुरी, पीसेगांव गांव का सर्वे किया और लोगों से मिलकर हालचाल जाना। वहीं लोगों की समस्या सुनी और अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले भारी बारिश ने पूरे प्रदेश में दशतक दिया था जिससे दुर्ग जिला में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गया था। मेरे विधानसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत बहुत सारे गांव प्रभावित हुआ है और गांव पानी में डूब गया था जिससे किसानों की फसल, घरों में पानी भर गया था मकान क्षति पूर्ति हुआ है, जनमॉल की क्षति हुआ है उसका सर्वे करने के लिए जिला सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ सभी अधिकारी कर्मचारियों को फोन के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। साथ ही जनपद पंचायत सीईओ के माध्यम से समस्त सचिव, पटवारी मैदानी अमले को दिशा निर्देश प्रदान किया और कहा कि जहां-जहां बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई थी उस प्रभावित एरिया का सर्वे करे और बाढ़ से प्रभावित हुए एक-एक परिवार के लोगों से मिले और जो जनमॉल, किसानों का फसल का नुकसान हुआ है उसका आंकलन करे और एक रिपोर्ट तैयार कर शासन को प्रेषित करे और राजस्व परिपत्र के अनुसार जो उचित मुआवजा राशि शासन ने जो निर्धारित किया है उसको प्रदान करे। नायब तहसीलदार योगिता बंजारे संबंधित ग्राम के पटवारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन, सरपंच सुरेश साहू,भूपेंद्र बेलचंदन, नायब पटवारी प्रवीण श्रीवास्तव, नरेंद्र देशमुख, प्रदीप देशमुख, ताम्रध्वज, हेमंत यादव, भूखऊ साहू, मोहित साहू, पुनाराम देशमुख, विजय देशमुख, बाबूलाल देशमुख, शंकर लाल यादव, गोविंद देशमुख, हास्य यादव, योगेश यादव, तोमन निषाद, लटेलू यादव, साधु देशमुख, उमेंद्र निषाद, हिंछा राम निषाद, यशवंत कुमार साहू, टीकाराम निशान, प्रेम नारायण, कवल सिंह, टापेश्वर देशमुख, शत्रुहन मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## धान की फसल की जांच करने पहुंची अधिकारियों की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

खबर का असर



■ रासायनिक दवाई की होगी लैब टेस्ट

दुर्ग जिला के विकासखंड दुर्ग के ग्राम रुदा के किसान व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंदकुमार साहू पेशे से सम्रग ढंग से खेती किसान करते है, बीते 20 दिनों से किसान की नींद उड़ गई है। ग्राम रुदा खार में खुद व अन्य किसान के खेत को रेहगा पर बोते हैं, नदी किनारे बसे गांवो में बारिश के कारण धान की फसले अधिकतर डूब जाती है, जिसके कारण धान की देखरेख कर सड़न, गलन सहित कई प्रकार की बीमारियों से बचाने धान व पौधो को जतन करने रासायनिक दवाई डालते है, लेकिन किसान नंद कुमार साहू ने बताया कि इस तकरीबन 35 एकड़ में रोपा कर धान बोआई किया, वही फसलों को बेहतर करने ढाबा दुर्ग में देव एग्रो कृषि केन्द्र से तकरीबन 25 हजार की दवाई आईपीएल कंपनी की रासायनिक दवाई खरीद कर 20 दिन पहले स्पेयर से छिड़काव करवाया उसके बाद धान के पौधो ,तने सुखने लगे, जिसके कारण परेशान हो गया, वही दवाई कंपनी को शिकायत करने के बाद भी नींद में है। वहीं पीड़ित किसान की खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। वहीं खबर लगते ही दुर्ग जिला से जांच टीम गठित कर मंगलवार को अधिकारियों ने खेत में जाकर खराब हो रहे धान के पौधे को देखा, वहीं छिड़काव की गई रासायनिक दवा को लेब टेस्ट के लिए सेम्पल व जांच प्रतिवेदन बनाया गया। जिसमें टीम में कृषि वैज्ञानिक एसके थापक कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा, उपसंचालक कृषि केन्द्र दुर्ग सुचित्र दरबारी सहायक संचालक कृषि पौ.स., कृषि व नोडल अधिकारी दुर्ग, कृषि विकास अधिकारी नवीन खोब्रागढ़, कृषि विस्तार अधिकारी निकुम अभिषेक आडिल की टीम जांच रिपोर्ट बनाया जिसमें लगभग 85 प्रतिशत धान की फसल संभावित खराब हो चुकी है। जिसके कारण क्षेत्र कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक कुमार आडिल ने तत्परता से किसान के खेत में जाकर धान के पौधे को देखा।

### फसल व दवाई की जांच परीक्षण करेंगे

कृषि वैज्ञानिक एसके थापक ने बताया कि पीड़ित किसान नंद कुमार साहू के धान के फसल लगभग 85 प्रतिशत धान खराब दिख रहा है,पौधे के तने भी सुख रहे हैं, वही धान व दवाई का परीक्षण करायेंगे।

## चन्द्रबोधि को दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया से किया निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसके भंडारे मुंबई के हवाले से दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय संगठन सचिव व प्रदेश अध्यक्ष अनिल मेश्राम ने जानकारी देते हुए बताया कि दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय ट्रस्टी चेयरमेन डॉ. हरीश रावलिया, नेशनल वर्किंग चेयरमेन भीमराव यशवंतराव आम्बेडकर, कैप्टन प्रवीण निखाड़े अंतरराष्ट्रीय सचिव, एसके भंडारे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, डॉ. एसएस वानखेड़े राष्ट्रीय सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के ट्रस्टी मेंबर चन्द्रबोधि पाटिल को संस्था के नियमों का पालन नही किये जाने तथा स्वेच्छाचारिता पूर्ण आचरण अपनाये जाने के आरोप मे ट्रस्ट की मेंबरशिप से निष्कासित करते हुए संस्था की सदस्यता समाप्त कर दी गई है।

मेश्राम ने आगे बताया कि राष्ट्रीय पदाधिकारियो द्वारा भारत के 25 राज्यो मे संचालित संगठन के सभी राष्ट्रीय व राज्य स्तर के पदाधिकारियो को 13 सितंबर को पत्र जारी कर भविष्य मे चंद्रबोधि उर्फ चंदू पाटिल से किसी भी प्रकार का पत्राचार व संवाद नही किये जाने हेतु सजग व सावधान किया गया है तथा समाज व संगठन के सभी सदस्यो से भी भविष्य मे चंदू पाटिल नामक व्यक्ति के भ्रामक प्रचार व बयानबाजी से सचेत रहने का आह्वान किया गया है।

## स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में स्वास्थ्य जांच के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/अंडा

■ स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए विधायक ललित

स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम चंदखुरी व वार्ड 51 सुभाष चौक बोरसी गौठान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में दुर्ग ग्रामीण व राज्य ग्रामीण और अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर लोगों को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया और स्वस्थ जीवन के महत्व पर चर्चा की। स्वच्छता और स्वास्थ्य से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है।

इस अवसर पर सरपंच हेमलता देशमुख, मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, डीलेश साहू, नूतन निर्मलकर, विक्रम चंद्राकर, पोषण देवांगन, डॉक्टर टीआर देवांगन, डॉ वासनी राजन, सुनील, आदित्या, जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अलका बाधमार, आशीष निमजे, मंजू पाण्डे, श्वेता ताम्रकार, अजय वर्मा, पिंटू, महेंद्र चोपड़ा, आशा वर्मा, शिवकुमारी द्विवेदी, अनिल पाल, बानी सोनी, गायत्री वर्मा, आशीष साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## भिलाई -3 स्कूल के बच्चे क्रीड़ा प्रतियोगिता में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

राज्य स्तरीय शालेय सॉफ्टबॉल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन कबीरधाम में 26 से 29 सितंबर तक हो रहा हैं जिसमें सेजस भिलाई 3 के तीन खिलाड़ी आस्था कक्षा 8 वी, मान्यता कक्षा 7 वी का 14 वर्ष एवं दुर्गा चंद्राकर कक्षा 9वी का 19 वर्ष बालिका में चयन हुआ है। उक्त खिलाड़ी का चयन संभाग स्तरीय चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। चयनित खिलाड़ी दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करेंगी। सभी खिलाड़ी सेजस भिलाई 3 के प्रांगण में पीटी आई यीतेश साहू, बी रूद्रपति, धन्नु चंद के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करती हैं। इनके चयन पर शाला की प्राचार्य मीरा अनिल कुमार, शाला विकास समिति की अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, एचएम सूर्या हनीश, सीएसी खिलेश वर्मा, स्वेता करन, पूनम चंद, किरण बाला, रेशमा शर्मा, यादवेंद्र वर्मा, तृप्ति एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी है।

## भविष्य संचय के लिए अतिथियों को सौंपे पौधे



**भिलाई।** सेक्टर 1 स्थित जननेता (जनता) कार्यालय में मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ पांच बार के निर्दलीय पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर सेक्टर क्षेत्र के रहवासी हजारों की संख्या में मिश्रा को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे । बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं ने भी वशिष्ठ नारायण मिश्रा को वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी। पार्षद वशिष्ठ नारायण मिश्रा ने अपने दिन की शुरुआत फील परमात्म संस्था से किया। इस संस्थान में रह रहे बुजुर्ग और बेसहारा लोगों के साथ केक कांटकर अपना जन्मदिन मनाया। इसके बाद जनता कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मिश्रा शामिल होने पहुंचे। जनता कार्यालय में मिश्रा से मित्र और समर्थकों ने जन्मदिन का कार्यक्रम आयोजित किया था। आयोजन में बधाई देने वालों को बतौर रिटर्न गिफ्ट पौधे बांटे गए।

## सदस्यता अभियान में दी जानकारी



**भिलाई।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को छग ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। साथ ही युवा मोर्चा के द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी दी। आगामी कार्यक्रमों में युवा मोर्चा द्वारा यूथ चला बूथ से अधिक से अधिक युवाओ को भाजपा से जोड़ने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है। साथ ही मोदी के कामों से प्रभावित होकर जनमानस भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाह रहे हैं। साथ में वरुण यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विपिन चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि, आकाश ठाकुर प्रदेश प्रचार प्रसार सह प्रमुख, तेजस कुमार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, राहुल भोसले जिला उपाध्यक्ष, डॉ. बालमुकुंद वर्मा, हुपेंद्र चंद्रा, महेंद्र साहू, महेश तिवारी, अभिषेक शर्मा, नितेश शर्मा, हर्षित साहू, खिलावन देवांगन, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public That I, PARVINDAR SINGH S/O LASKAR SINGH resident of 799, Ward 16, Kailash Kurud, I E Bhilai, Durg (C.G.) have changed my old name PARVINDAR SINGH S/o LASKAR SINGH in future I should be recognized by my new name that is PARVINDAR SINGH SAINI S/O LASHKAR SINGH SAINI in all Government and other documents.

**PARVINDAR SINGH SAINI**
799, Ward 16, Kailash Kurud, I E Bhilai, Durg (C.G.)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारा श्रीमति मंजू देवांगन उम्र 39 वर्ष, पति श्री पीताम्बर देवांगन पता-म.न. 199/99/13, अटल आवास, वार्ड नं. 17, रामपुर, चोरहा, न.पा.परिषद कुम्हारी, तहसील-भिलाई 3, जिला-दुर्ग (छ.ग) के द्वारा विक्रेता श्रीमति संतोष देवी उम्र 67 वर्ष, पति श्री विमल कुमार, पता बी.सी. शुल्का मकान के पिछे, सीटी कोटवाली के पास, बुढापारा, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके हक व स्वामित्व की भूमि जो कि मौजा-कपसदा, प.ह.न. 14, रा. नि. म. मुरमुदां, तहसील-अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490042 मे स्थित खसरा नं.- रकबा क्रमशः 8-0.2600 हे. में से 0.0700 हे., 9-0.1200 हे., 10-0.1200 हे., 11-0.2000 हे. भूमि तथा विक्रेता विनोद कुमार पिता राजाराम गुप्ता निवासी भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) कस्ता ग्राम कपसदा, मुरमुदा, जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित हक व स्वामित्व की भूमि खसरा नं. रकबा क्रमशः 13/4 0.0900 हे. कृषि भूमि को श्री दौलत राम साहू आ. शिव प्रसाद साहू निवासी ग्राम फुंडहर, रायपुर, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के माध्यम से मेरे पक्षकारा श्रीमति मंजू देवांगन पति श्री पिताम्बर देवांगन क्रय करने का पक्का सौदा कर पेटे कि अग्रिम राशि दे दिया है तथा पंजीयन शेष है क्रेता द्वारा बिक्री इकरारनामा के पश्चात विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाना शेष है।

यह कि उक्तानुसार खरीदी एवं विक्रय से किसी भी व्यक्ति, संस्था (वित्तीय / गैरवित्तीय) शासकीय या अर्द्धशासकीय विभाग या बैंक को कोई आपत्ति विरूद्ध हक, उजर या दावा और अन्यथा कब्जा या किसी प्रकार से उक्त भूमि मे अधिकार बाबत कुछ कहना हो तो दिनांक 30/09/2024 तक मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर अपना पक्ष मय सुसंगत दस्तावेजो सहित लिखित मे देकर पावती प्राप्त कर लेवें। मेरे पक्षकार की स्थिति एक सद्भाविक क्रेता की होगी, एतद् ध्यान रहे उक्त के प्रति पश्चातवर्तीय कथन को लेकर मेरे पक्षकार की कोई जवाबदारी नही रहेगी।


स्थान :- भिलाई 3
दिनांक : 23/09/2024

रूपेश वर्मा (अधिवक्ता)
व्यवहार न्यायालय भिलाई 3,
जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो.नं. 83191-62841

## बिजनेस साइट

## बंसल ब्रदर्स में नवरात्रि दीपावली का विशेष संग्रह उपलब्ध

**भिलाई।** ट्रेडिशनल एवं मॉडर्न फैशन व चलन के अनुसार परिधानों के खास़ संग्रह के लिए प्रसिद्ध भिलाई का एक्सक्लूसिव शोरूम बंसल ब्रदर्स, सिविक सेंटर में आगामी त्योहार नवरात्रि, दीपावली एवं वैवाहिकी प्रसंगों के लिए परिधानों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। साथ ही स्पेशल आफर में 5000 की खरीदारी में 500 व 20,000 की खरीदारी में 2500 एवं 50,000 की खरीदारी में 7500 का फ्लट डिस्काउंट दिया जा रहा है। बंसल ब्रदर्स में सभी विशेष प्रांतों की सिल्क, काटन और कोसा की साड़ियां, बनारसी, चंदेरी, लिनने, बैंग्लोर, मैसूर सिल्क, हेंडलूम सिल्क की साड़ियां, साथ ही सूरत की ब्रांडेड लक्ष्मीपति, विशाल सुभाष अंबिका की लेटेस्ट कलेक्शन सहित सभी प्रसिद्ध ब्रांड की नाईटी एवं नाईट सूट, कुर्तियां इंडो वेस्टर्न ड्रेस, गर्ल्स जीन्स टाप, स्कर्ट टाप, पार्टी गाउन, क्रॉप टाप, स्कर्ट टाप, लेगिंस,,प्लाजो सेट,का नया कलेक्शन उपलब्ध है। सूटिंग शर्टिंग में रेमंड, रीड एंड टेलर्स, जे हेमस्टेट, सियाराम, प्योर कॉटन एवं अरविंद जैसे ब्रांडेड फेब्रिक्स का विशेष संग्रह है। विशेष पूजा अवसरों व वैवाहिकी अवसरों पर पहने जाने वाले जेंट्स रेडीमेड कुर्ता, पजामा, गर्ल्स ट्यूनिक, जींस, टॉप, मिडीस, जेगिंस, कुर्ती, क्रॉप टॉप का लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध है। ब्रांडेड बेडशीट, टॉवल, वुलन ब्लैंकट, शॉल भी उपलब्ध है। शो रूम रविवार शाम को भी खुला रहेगा।









## खबर संक्षेप



### महिला आरक्षक कविता को मिला स्वर्ण पदक

**भिलाई।** पुलिस की महिला आरक्षक कविता ठाकुर ने ऑल इंडिया पुलिस वेट लिफ्टिंग क्लस्टर प्रतियोगिता में 57 किलो ग्राम पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता विभिन्न केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों के बीच आयोजित की गई, जिसमें वेट लिफ्टिंग, योग, और पावर लिफ्टिंग जैसे खेल शामिल थे। कविता ने 57 किलो ग्राम श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 327 प्वाइंट अर्जित किए। जिससे वह पहले स्थान पर रहीं। उत्तर प्रदेश पुलिस की संगीता ने 325 प्वाइंट के साथ रजत पदक जीता, जबकि तमिलनाडु की एन. पूमागल ने 305 प्वाइंट के साथ कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इसके अलावा 47 किलोग्राम महिला वर्ग में महाराष्ट्र पुलिस की संगीता ने स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश पुलिस की रजनी ने रजत पदक और छत्तीसगढ़ पुलिस में जीआरपी में पदस्थ एक अन्य महिला आरक्षक ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कविता ठाकुर की इस अद्वितीय सफलता ने न केवल छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। छत्तीसगढ़ पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने में ही नहीं, बल्कि खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर रही है।

### संघर्ष दिवस के रूप में मनेगा नियोगी का शहादत दिवस



**भिलाई।** प्रसिद्ध मजदूर नेता और छमुमो के संस्थापक महासचिव रहे शहीद शंकर गुहा नियोगी का शहादत दिवस औद्योगिक क्षेत्र के जामुल इलाके में संघर्ष दिवस के रूप में 28 सितंबर को मनाया जाएगा। मजदूरों की रैली और सभा में मजदूर शामिल होंगे। इस दिन मजदूर लंबित मांगों को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। छमुमो कार्यकर्ता समिति के कलादास डहेरिया ने बताया कि कार्यक्रम के बारे में सहायक श्रमायुक्त को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। नगरीय निकाय, औद्योगिक क्षेत्र और संयंत्र के मजदूर एक दिवसीय अवकाश पर रहेंगे। मजदूर लेबर केम्प बूढ़ा पंडाल मे एकत्रित होंगे और 1 बजे जुलूस घासीदास नगर होकर औद्योगिक क्षेत्र घुमते हुए नियोगी चौक पहुंचेगा व आम सभा होगी। मजदूर विरोधी चार श्रम कोड को रद्द कराने ,सफाई कर्मियों को नियमितीकरण ,किसानो के लिए एमएसपी कानून बनाने, एसीसी के मजदूरों का सम्मान जनक समझौता कराने , जल,जंगल,जमीन की लुट बंद कराने ,मजदूरों को 28 से30 हजार नयुन्तम वेतन की मांगों को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा जायेगा।

### हमला करने वाले युवकों को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** धारदार हथियार से युवकों पर हमला करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109, 191(2), 191 (3) बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषके झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नहर पारा उरला निवासी दीपक साहू, उरला लक्की निर्मलकर,फरदीन खान, अटल आवास उरला चमन यादव उर्फ अमन, पुष्पेन्द्र उर्फ पप्पू साहू को गिरफ्तार किया है। 18 सितंबर की रात हर्ष उर्फ भज्जी यादव, हिमांशु निषाद को धारदार हथियार से हमला कर आरोपी युवक फरार हो गए थे। शिकायत के बाद पुलिस ने पांच आरोपी को पकड़ा उसके पास से पुलिस ने बटन चाकू, लाठी जब्त किया गया।

# विरासत को सहेजने बढ़ाएं हरियाली, नौनिहालों को दिया संदेश

## इंटैक भिलाई चैप्टर की परिचर्चा में पौधे लगाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) के सौजन्य से दुर्ग–भिलाई चैप्टर द्वारा विरासत तथा उनके संरक्षण को लेकर एक परिचर्चा तथा शालेय विधार्थियों के लिए राष्ट्रीय विरासत क्विज का आयोजन संपन्न हुआ। क्विज के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय समन्वयक डां. डीएन शर्मा ने कहा कि विरासत की संरक्षण की जिम्मेदारी हर नागरिक की है I प्राकृतिक विरासत व हमारे पूर्वजों द्वारा सौंपी गई मानव निर्मित विरासत के संरक्षण में युवाओं की भूमिका अहम है। यदि हम कुछ भी नहीं कर सकते हैं तो कम से कम एक पेड़ लगाकर उसे पूरा वृक्ष बना दें । वक्ता गोविंद पटेल ने कहा कि धमधा शहर में दशकों पूर्व 126 तालाब थे लेकिन अब अतिक्रमण से अधिकतर या तो खेत बन गए हैं या उन पर मकान बन गए हैं । उन्होंने बताया कि जागरुक साथियों ने राजस्व विभाग की मदद से पुराने तालाबों को चिन्हांकन कर कुछ तालाबों का पुनरुद्धार जन सहयोग से किया जा रहा है । चैप्टर की संयोजिका डां. हंसा शुक्ला ने क्विज का संचालन किया। क्विज के प्रथम चरण में 8 विद्यालयों के 76 विधार्थियों में से लिखित परीक्षा से प्रविण्यता के आधार पर चार टीमों का चयन मौखिक चरण के लिए किया गया।



### विजेता हुए पुरस्कृत

क्विज में प्रथम स्थान पर शंकाराचार्य विद्यालय हुडको के यश कुमार कश्यप व रियांस कुमार की टीम रही । दूसरे स्थान पर डीपीएस भिलाई व तीसरे स्थान पर केपीएस नेहरूनगर की टीम रही । अतिथियों द्वारा विजेताओं को पुरस्कार व प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिए गए। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी रजनी नरेशन स्वयंसिद्धा की अध्यक्ष डां. सोनाली चक्रवर्ती, सामाजिक कार्यकर्ता बी पोलम्मा, इंटेक की सह संयोजिका विद्या गुप्ता, कांतिभाई सोलंकी और विभिन्न स्कूलों के शिक्षक भी उपस्थित थे ।

## चार श्रम संहिताओं को बताया मजदूर विरोधी, वापस लेने की मांग

# कानूनी संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगे मजदूर, संयुक्त यूनियन ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

संयुक्त यूनियन द्वारा सरकार के पारित श्रम संहिताओं के खिलाफ सेक्टर 1 मुर्गा चौक पर प्रदर्शन किया। इसे मजदूर विरोधी और अवैधानिक बताते हुए वापस लेने की मांग की गई। लेबर कोड को न्यूनतम मजदूरी की अवधारणा को खत्म करने के भी खिलाफ बताया।

वर्ष 2019 में संसद के शीत सत्र में पारित की गई वेतन संहिता 2019 तथा वर्ष 2020 में संसद के मानसून सत्र में पारित की गई 3 संहिताए - औद्योगिक संबंध कोड 2020, सामाजिक सुरक्षा कोड 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य स्थितियां (ओएसएच) कोड 2020, वापस लेने की मांग को लेकर देशव्यापी काला दिवस मनाया गया । इसी के तहत मुर्गा चौक में इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, ऐक्टू, लोईमू ने संयुक्त रूप से काला झंडा दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया

यूनियन नेताओं ने कहा कि चारों लेबर कोड से मजदूरों को नुकसान होगा। नई संहिताएं मजदूर विरोधी हैं। श्रम संहिताओं को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों तथा समस्त मजदूर वर्ग के कड़े विरोध के बावजूद मात्र 3 दिनों में अन्य बिलों के साथ संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत कर अधिनियमित किये गए थे । बिल को संसद में प्रस्तुत करने से पहले सर्वोच्च त्रिपक्षीय मंच, भारतीय श्रम सम्मेलन में भी इन पर कोई चर्चा नहीं हुई, साथ ही वेतन कोड के अलावा अन्य सभी कोड को पारित किये गए। पूरा विपक्ष संसद की अलोकतांत्रिक कार्यप्रणाली का विरोध करते हुए अनुपस्थित था।

**सेक्टर 1 मुर्गा चौक में काला झंडा लेकर किया विरोध, की जमकर नारेबाजी**



### अधिकारों को खत्म कर रहा है यह कानून

यूनियनों के मुताबिक ये श्रम संहिताएं नियोक्ताओं को असीमित स्वतंत्रता, कोड यूनियन बनाने, सौदेबाजी करने और हड़ताल करने के हमारे अधिकारों को सीमित करते हैं । सरकार फ्लोर वेज की अवधारणा को लाकर न्यूनतम मजदूरी के हमारे अधिकार को कमजोर करते हैं । रैप्टा कोस ब्रेट जजमेंट के आधार पर न्यूनतम मजदूरी पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों को खत्म कर दिया गया है और सरकार को न्यूनतम मजदूरी की गणना को कमजोर करने की स्वतंत्रता दे दी गई है ।

### कानूनी संरक्षण के दायरे से करेगा बाहर

यूनियन नेताओं ने कहा कि सरकार निरीक्षण और प्रवर्तन तंत्र को गंभीर रूप से कमजोर कर रहा हैं प्रयोज्यता और छूट भी सरकारी अधिकारियों की मर्जी पर छोड़ दिये गए हैं । मजदूरों को किसी भी कानूनी संरक्षण के दायरे से बाहर करना यानी बहिष्कारण संभावित है। महिला श्रमिकों के समान पारिश्रमिक, मातृत्वलाभ और कार्यस्थल पर क्रेच सुविधाओं जैसे अधिकारों को भी कोड के तहत कमजोर किया गया है। सामाजिक सुरक्षा की अवधारणा को उलट दिया गया है और जिम्मेदारी नियोक्ता से श्रमिकों पर स्थानांतरित की जा रही है।

### कामगार हो जाएंगे गुलाम

यदि कोड लागू होने पर वर्तमान कार्यबल गुलामी में धकेल दिया जाएगा, जो देश में 64 करोड़ से अधिक है.। इतने व्यापक प्रभाव वाले कानूनों को उचित चर्चा के बिना लागू नहीं होने दिया जाना चाहिए और उन्हें निरस्त किया जाना चाहिए ।चार मजदूर विरोधी लेबर कोड को निरस्त करें। ये कोड देश के कामकाजी लोगों के जीवन और अधिकारों के लिए विनाशकारी हैं। कानूनों पर चर्चा करने के लिए जल्द भारतीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) बुलाया जाए।

# जल्द कराएं मान्यता चुनाव सीटू ने सीजीएम को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू ने मंगलवार को औद्योगिक संबंध विभाग के माध्यम से भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक को पत्र देकर मांग की कि मान्यता यूनियन के चुनाव के लिए गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच की प्रक्रिया शुरू करवाए। ताकि कर्मियों को जल्द मान्यता यूनियन मिल सके। बीएसपी कर्मियों से की समस्याओं को लेकर प्रबंधन से चर्चा करने नई मान्यता यूनियन की जरुरत है। भिलाई इस्पात संयंत्र में मान्यता प्राप्त यूनियन भिलाई इस्पात मजदूर संघ का कार्यकाल 23 सितंबर को समाप्त हो गया है। संयंत्र में कर्मचारियों को अपने और संयंत्र के हितों से सम्बंधित विषयों को प्रभावी तरीके से प्रबंधन के समक्ष उठाने के लिए और नीतिगत विषयों पर कर्मचारियों की ओर से समझौता करने के लिए एक चुनी हुई मान्यता प्राप्त यूनियन की आवश्यकता है।

- भिलाई इस्पात मजदूर संघ का मान्यता कार्यकाल समाप्त

### दो मान्यता काल मजदूर हित में

सीटू नेता ने कहा कि सीटू के मान्यता काल के दौरान किए गए काम कर्मियों ने सराहा है। इस दौरान सीटू के प्रयासों से जहां स्वप्रमाणित मेडिकल लीव लेने की सुविधा शुरू हुई तो वही दो सी एल के बीच साप्ताहिक अवकाश आने पर साप्ताहिक अवकाश को सीएल में गणना न करने की सुविधा शुरू हुई। दुर्घटनाओं को रिकॉर्ड में लाने की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले दुर्घटना होने पर किसी भी तरह से मैनेज करने की दिशा में काम किया जाता था एवं इंजूरी फार्म ना भरवाने की एक परंपरा सी बन गई थी जिसे तोड़ा गया। सीपीएफ लोन निकालने में दलाली खत्म हुई कर्मियों के मान बढ़ा एवं कर्मी प्रबंधन के सामने स्वयं से मुखरता के साथ बात रखने लगे।

### सक्रियता से उठाए कर्मियों के मुद्दे

सीटू नेता ने कहा कि सीटू कभी भी जुमलेबाजी में विश्वास नहीं करता। जब दूसरी यूनियन मान्यता में आई तब भी सबसे ज्यादा सक्रियता के साथ सीटू कर्मियों के बीच काम करता रहा चाहे वेतन समझौता का संघर्ष हो नॉन एग्जीक्यूटिव प्रमोशन पॉलिसी के गलत प्रावधानों को खारिज करने का संघर्ष हो। संयंत्र के अंदर सुरक्षा का मामला हो या फिर कर्मियों के स्कूल टाउनशिप एवं अस्पताल से जुड़े हुए मामले हो। हर क्षेत्र में सीटू लगातार काम करता रहा है।

### शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चला

**जामगांव आर।** भारत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वक्षता सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत 17 नवंबर से 2 अक्टूबर तक चलेने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के तारतम्य ग्राम कुम्हिल में शिव मंदिर परिसर एवं ग्राम के सार्वजनिक जगह पर सफाई कर श्रम दान किया। इस अवसर पर तेजेंद्र पिपरिया, नरेश केला, अंगेश्वर साहू , मोगन सपहा, ढालसिंगसाहू, मेहत्तर यादव, भानू साहू , शशि नेताम आदि उपस्थित थे।

# अस्पताल की घटना के आरोपियों की जल्द हो गिरफ्तारीः मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह सरकार और इनके नेता केवल तानाशाही का प्रतीक बन गए है। भाजपा नेता का बेटा अभय और उसके साथियों ने पहले वार्ड बॉय और फिर हस्तक्षेप के लिए आए पुलिस जवान को पीटा। इतना ही नहीं महिला चिकित्सक से बदतमीजी करते हुए तोड़फोड़ करते हुए हॉस्पिटल परिसर को नुकसान पहुंचाया गया। कलकत्ता कांड के बाद वैसे भी चिकित्सकीय स्टाफ अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में जिस तरीके की घटना आज भिलाई में हुई है वह दुर्भाग्य जनक है। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।

### भाजपा सरकार में जनता का अमन चैन गायबः सिंह



**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा के विधायक प्रत्याशी रहे कांग्रेसी नेता बृजमोहन ने कहा कि भाजपा राज की गुंडागर्दी ने पूरे प्रदेश की जनता का अमन चैन छीन लिया है। सुपेला शासकीय अस्पताल में भाजपाइयों द्वारा किये गए तोड़फोड़ बड़ा उदाहरण है। जहां अस्पताल कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि फरार असामाजिक तत्वों को जल्द पुलिस गिरफ्तार करें। बृजमोहन सिंह ने कहा कि जीवन दीप समिति कि बैठक मे यह तय किया गया था कि इस प्रकार के उपद्रवी तत्वों से निपटने के लिये पुलिस प्रशासन की तरफ से 1-4 गार्डो की 24 घंटे उपस्थिति रहेगी। लेकिन सुपेला पुलिस ने उन्हें भी यहां से हटा दिया है पूरे पुलिस तंत्र ने नागरिकों की सुरक्षा से ध्यान हटाकर अवैध वसूली, हफ्ता वसूली जुआखोरी , सट्टा खोरी मे अपना ध्यान लगा दिया है।

# सफाई कर्मचारियों को मिली निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय सेक्टर-6 में, 'स्वच्छता मित्र स्वास्थ्य सुरक्षा शिविर हुआ। बीएसपी के सफाई कर्मचारियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था। बीएसपी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग के तत्वाधान में आयोजित शिविर के मुख्य अतिथि ईडी पवन कुमार थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेन्द्र ठाकुर व मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता विशेष अतिथि थे। जीएम शिवराजन नायर, एसीएमओ डॉ. नोहर सिंह ठाकुर और एजीएम केके साहू भी उपस्थित थे। शिविर में सफाई कर्मचारियों ने ब्लड शुगर, एचबी और बीपी जांच सहित निःशुल्क निवारक स्वास्थ्य जांच (प्रिवेंटिव चेकअप) का लाभ उठाया। स्वच्छता मित्र कार्यकर्ताओं को अतिथियों द्वारा एक पीपीई किट और सेफ्टी गियर हैम्पर बैग देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एम एंड एचएस विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक एसीएमओ डॉ. प्रभदीप कौर, वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ. राजशेखर आदि उपस्थित थे।



- भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में स्वच्छता स्वास्थ्य शिविर

### स्वच्छता के प्रति रहें सावधान

पवन कुमार ने सफाई कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे हमेशा स्वच्छता, साफ-सफाई के प्रति और संक्रमण तथा बीमारियों से बचने के लिए सावधान रहें। डॉ. नोहर सिंह ठाकुर, डॉ. प्रभदीप कौर और डॉ. निशि मिंज ने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, स्व-स्वच्छता, सफाई, संक्रमण से सावधानियों और स्वस्थ आहार का पालन करने की आवश्यकता और महत्व पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। उप प्रबंधक कमल कांत वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। सीएसआर विभाग और बीआईकेसी के डॉ. एम सरस्वती, विजयलक्ष्मी, केदारनाथ कश्यप, रोमा कन्नोजे, सुसन जैकब, चंद्रकला लिलाहरे, अशरफ, असलम, मंजूर अली, वीके सिंह शामिल थे।

### एसपी 2 से निकली स्वच्छता रैली

सिन्टर प्लांट-2 विभाग के सिन्टर मशीन भवन परिसर में सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मशीन क्षेत्र में स्वच्छता रैली निकाली गई। विभाग के नियमित कर्मचारियों सहित ठेका श्रमि भाग लिया। सीजीएम अनूप कुमार दत्ता ने कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और सफाई अभियान में भाग लेकर सामूहिक रूप से श्रमदान किया। महाप्रबंधक जागेंद्र कुमार एमडी मजहर अनीस, राहुल बिजुर्कर, जयदेव दास, धीरज परिहार तथा उप प्रबंधक के जोतकुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल हुए ग्रीन हीरो ऑफ इंडिया डां. नायर

भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा सेक्टर-2 से भिलाई विद्यालय में "एक पेड़ माँ के नाम" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि "ग्रीन हीरो ऑफ इंडिया" के नाम से प्रसिद्ध डां. आर के नायर उपस्थित थे। महाप्रबंधक शिखा दुबे, प्रिंसिपल सुमिता सरकार, प्रिंसिपल विजय पवार, रूबी बर्मन रॉय, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, उप-प्रबंधक अशोक सिंह भी उपस्थित थे। डां. नायर ने नायर ने पर्यावरण, प्रकृति प्रेम, बायो डाइवर्सिटी, इको सिस्टम, संरक्षित और विलुप्त हो रहे पशु-पक्षी के जीवन में वृक्षों का महत्व साझा किया। उन्होंने कहा कि अब तक वे भारत के 12 राज्यों में 20 लाख पेड़ों के साथ 121 वन बना चुके हैं। कम से कम 2 पेड़ लगाये जाने का आग्रह किया।



### बोनस फर्मूला के विरोध में निकलेगा मशाल जुलूस

**भिलाई।** बीकेएस यूनियन के महासचिव अभिषेक सिंह ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि सेल प्रबंधन द्वारा एकतरफा एएसपीएलआईएस फॉर्मूले के विरोध में, बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के आह्वान पर सभी बीएसपी कर्मचारियों , 26 -28 सितम्बर को कार्यस्थल पर काला बैज लगाएंगे । इसके साथ ही यूनियन द्वारा क्रुड स्टील प्रोडक्शन तथा एबीटा के आधार पर प्रोडक्शन रिलेटेड पे को लागु करने के समर्थन में मशाल जुलूस 28 सितम्बर भी आयोजित है। यूनियन ने आईआर के वरिष्ठ प्रबंधक रोहित हरित को पत्र देकर ब्लैक बैज लगाने तथा मशाल जुलुस निकालने का सूचना दे दी है। बीएकेएस की बैठक में तय किया कि मैनेजमेंट तथा तीन यूनियनों बीएमएस, इंटक , एटक के हस्ताक्षर से जबरदस्ती लागू किए गए एएसपीएलआईएस फॉर्मूले का विरोध किया जायेगा। 19.2 मिलियन टन क्रुड स्टील उत्पादन तथा 12400 करोड़ रुपया प्राफिट होने के बाद भी 23 हजार-28 हजार बोनस स्वीकार नही किया जायेगा।

# वोस्लोह बीके कास्टिंग के केमिकल डस्ट से प्रदूषण और गंदगी बढ़ी, वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के मोहल्लेवासियों ने कलेक्टर को संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन देकर वोस्लोह बीके कास्टिंग लिमिटेड (प्लाट नं. 25-28 ) द्वारा ब्लैक डस्ट छोड़े जाने से फैल रहे प्रदूषण व गंदगी पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया है कि कंपनी द्वारा रोज रात में ब्लैक डस्ट छोड़ा जा रहा है, जिससे मोहल्ले का पूरा वातावरण कैमिकलयुक्त डस्ट से दूषित हो रहा है। क्षेत्र की पूरी नालियां प्रवाहित वेस्ट कैमिकल पानी से जाम हैं। इससे मोहल्लेवासियों के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। मोहल्लेवासी गंदगी और बदबू से परेशान हैं। वे श्वांस की समस्या, चर्म रोग की शिकायत मलेरिया डायफाइड से आए दिन ग्रस्त हो रहे हैं। मोहल्लेवासियों को लिए एकमात्र शासकीय बोरिंग था, जिससे पूरे मोहल्ले मेंपानी की आपूर्ति होती थी। लेकिन इस बोर के समानांतर प्लांट के अंदर का पानी को बोर और टैंक वोस्लोह बीके ने निर्मित किया है। इसके कारण मोहल्ले के बोर का पानी पूरी तरह कैमिकल युक्त हो गया है। अब मोहल्ले का बोर किसी काम का नहीं रह गया है और पूरी तरह बंद हो गया है। मोहल्लेवासियों ने कलेक्टर से मांग की है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी कंपनी प्रबंधन से कोई सुनवाई नही होती। कंपनी के प्रदूषण और गंदगी से मुक्ति दिलाएं।

- वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर से की रोक लगाने की मांग








हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 25 सितंबर 2024

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129


02




विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण कर वन्यजीव अपराध संबंधित केस स्टडी को किया साझा

लाइव इवेंट

## राष्ट्रीय पोषण माह पर हुई पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या महाविद्यालय में गृहविज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह का आयोजन किया गया। गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने बताया कि आयोजन के प्रथम चरण में पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, ग्रोथ मानिटरिंग वर्कशॉप, ऑनलाईन वेबीनार में उपस्थिति, एनिमिया परिक्षण एवं पावर प्वाईन्ट प्रजेन्टेशन प्रस्तुति दी गई। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। गृहविज्ञान सहायक प्राध्यापक डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल ने बताया कि एनिमिया विषय पर स्लोगन एवं पोस्टर के माध्यम से छात्राओं ने पौष्टिक रक्ताल्पता के कारण, लक्षण एवं दूर करने के उपाय की जानकारी दी गई। एनिमिया परिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एम.एससी. गृहविज्ञान की छात्रओं ने रक्त परिक्षण द्वारा एनिमिया का पता लगाया। विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने रक्तालपता में आहारीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। ग्रोथ मानिटरिंग वर्कशॉप के माध्यम से छात्राओं के बीएमआई, स्टैण्डर्ड हाईट वेट परीक्षण एवं समुदाय में पोषण अधारित रोगों का सर्वे किया साथ ही आवश्यक आहारीय प्रबंधन के बारे में बताया गया। विभाग के प्राध्यापक एवं छात्र पोषण माह के अन्तर्गत न्यूट्रीशियन डायट फॉर एवरीवन विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार में ऑनलाईन उपस्थित हुए। पोषण माह के विभिन्न आयोजनों में डॉ. रेशमा लाकेष, डॉ. तोशिना तेलंग, डॉ. पूजा सोनकर, डॉ. अनामिका वस्त्रकर एवं तबस्सुम अली का विशेष योगदान रहा।

सिटी इवेंट

## एचआईवी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने किया नाट्य मंचन



- एनएसएस और रेड रिबन क्लब का संयुक्त अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई।** स्वरूपानंद महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब के संयुक्त अभिमुखीकरण कार्यक्रम ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों में सेवा भावना को जगाने का एक सार्थक प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के उत्साहवर्धक लक्ष्य गीत से की गई, जिसने सभी में जोश भर दिया। रेड रिबन क्लब इंचार्ज, डॉ. शिवानी शर्मा ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेड रिबन क्लब एचआईवी तथा एड्स से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का कार्य करता है। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को समाज सेवा के लिए प्रेरित करता है, बल्कि उन्हें ऐसे सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक भी बनाता है।

### एनएसएस में नेतृत्व कौशल का होता है विकास

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संयुक्ता पाढ़ी ने एनएसएस के मूल सिद्धांतों को विस्तार से समझाते हुए कहा कहा कि एनएसएस न केवल एक सेवा संगठन है, बल्कि यह एक ऐसा मंच भी है जहां विद्यार्थी नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और सामाजिक जिम्मेदारी सीखते हैं। स्वयंसेवकों में समाज सेवा तथा राष्ट्रसेवा का जज्बा विकसित होता है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा मार्मिक स्किट दवरा बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहा। स्वयंसेवकों ने नाट्य मंचन से दर्शकों को प्रभावित किया और उन्हें सोचने पर मजबूर किया। इस स्किट के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास कर स्वस्थ समाज बनाने की बातें कही।



### बीमारियों से बचाव के बताएं उपाय

विशेष अतिथि गणेश निर्मलकर काउंसलर जिला अस्पताल दुर्ग ने एड्स और एचआईवी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को इन बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा जागरूकता ही इन बीमारियों से लड़ने का सबसे कारगर हथियार है।कार्यक्रम के अंत में, स्वयंसेवकों को बैच और एनएसएस दैनंदिनी पुस्तिकाएं वितरित की गई। मंच संचालन नेहा राय, एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर तथा आभार व्यक्त पल्लवी ठाकुर एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर ने किया।

● नवरात्रि से पखवाड़े भर पहले गरबा क्लास, सोसायटियों में भी विशेष कक्षाएं

# इस बार डाकला, टिटोडी व फ्यूजन गरबा का रहेगा ट्रेंड, 51 स्टेप विद कलश गरबा की सीख रहे बारीकियां

गणेश पूजा के बाद अब नवरात्रि की तैयारी शुरु हो गई है। पितृपक्ष के पश्चात नवरात्रि पर्व का शुभारंभ 3 अक्टूबर को होगा। पर्व संबंधित तैयारियों के साथ ही लोग गरबा भी सीख रहे हैं। इसके लिए विशेष कक्षाओं की शुरुआत हो चुकी है। नवरात्रि के नौ दिनों तक शहर के विभिन्न स्थानों में गरबा की धूम मची रहती है, जिसके लिए कहीं निशुल्क तो कहीं सशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला संगठनों के अलावा शहर के विभिन्न डांस अकादमी में गरबा सिखाया जा रहा है। इस वर्ष डाकला गरबा आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसे आकर्षक रुप से तैयार किया गया है।इस बार गरबा ग्राउंड में चौकड़ी, छकड़ी या घोड़ा रास जैसे ट्रेडिशनल गरबा स्टेप के अलावा 51 स्टेप और फ्यूजन गरबा जैसे कुछ डिफरेंट गरबा फॉर्म देखने को मिलेंगे।

**भिलाई।** गरबा के लिए शहर की अलग-अलग लोकेशन में गरबा की रिहर्सल शुरू हो चुकी है। गरबा सीखने-सिखाने का दौर शुरू होते ही गर्ल्स और वुमंस इस बार नए स्टेप पर गरबा सीखना पसंद कर रही हैं। गरबा की प्रैक्टिस में बॉयज भी पीछे नहीं है। बेसिक ट्रेनिंग के अलावा नए और ट्रेडिशनल गरबा स्टेप सीखने में वे भी पसीना बहा रहे हैं। गरबा ग्राउंड में नए स्टेप कर हजारों के क्राउड में खुद को अलग दिखाना है। एक्सपर्ट्स ने बातचीत के दौरान बताया कि इस बार कौन-से नए स्टेप ट्रेंड में रहेंगे।




छॉलीवुड गीत भी गरबा में बनेंगे हिस्सा

### 108 जोत वाले कलश के साथ कर रहे प्रैक्टिस

गरबा कॉम्पिटीशन के लिए प्रतिभागी हजारों की भीड़ में खुद को अलग दिखाने के लिए सिर पर 11, 21, 51 और 108 बाती वाले कलश रखकर गरबा की ट्रेनिंग ले रहे हैं। 51 स्टेप गरबा में ये काफी डिफिकल्ट माना जाता है। क्योंकि इसमें जरा-सी चूक होने पर सिर पर दीपक या तेल गिरने की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा बाजू में चार फिट की लंबी और हैवी कालबेलिया डोर बांधी जाती है, जिसमें मेटल की घंटी या स्क्वेयर शेप की ज्वेलरी डोर में बंधी रहती है।

### गरबा में दिखेगा चार राज्यों का फोक डांस

गरबा को अलग-अलग स्टेट ने फ्यूजन के रूप में अपना लिया है। यही वजह है कि शहर में इस बार फ्यूजन गरबा भी देखने मिलेगा। स्टील क्लब में गरबा ट्रेनिंग दे रही इप्शिता मुखर्जी ने बताया कि इस बार गरबा में गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और राजस्थानी फोक डांस के स्टेप मिक्स किए गए हैं। लोग एक ही तरह के गरबा से बोर हो जाते हैं, लेकिन जिस गरबा में चार स्टेट का फोक डांस मिक्स हो तो उसमें इंट्रेस्ट भी आता है।



### ट्विनसिटी में निःशुल्क गरबा की चल रही कक्षाएं

सेक्टर 8 स्टील क्लब में साई एरेबिक्स क्लासेस के संतोष काले ने बताया, नवरात्रि के अवसर पर निःशुल्क गरबा क्लास लिया जा रहा है। नवरात्र के अवसर पर कई व्यक्तियों को गरबा सीखने की इच्छा होती है. लेकिन पैसों की वजह से सीख नहीं पाते। इस उद्देश्य से निःशुल्क क्लास शुरु किया जा रहा है।

### डाकला और टिटोडी की बढ़ी डिमांड

नृत्य कला मंदिर रिसाली की डायरेक्टर रानी नंदिनी ने बताया, बीते दिनों से लगातार गरबा क्लास चालू है। एक-एक सप्ताह से बेसिक में एक ताली, दो ताली और तीन ताली शामिल है। चौकड़ी, घोड़ी, सानेडो व एडवांस स्टेप गरबे में सीखने को मिलेगा। साथ ही ऑनलाइन फेमस सांग पर भी गरबा सिखाया जा रहा, जिसमें बॉलीवुड व छॉलीवुड के गाने शामिल हैं।




## तीज मिलन: कुर्सी दौड़ और अंताक्षरी स्पर्धाओं में विजेताओं ने मारी बाजी

- सेवानिवृत्त होने पर शॉल व श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित
- छत्तीसगढ़ गंधर्व समाज महिला प्रकोष्ठ का आयोजन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ गंधर्व समाज, जिला दुर्ग महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिलाओं का तीज मिलन कार्यक्रम गंधर्व भवन सुपेला भिलाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय व छत्तीसगढ़ी परंपरा की झलक देखने को मिली। इस दौरान समाज की महिलाओं के द्वारा कुर्सी दौड़, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता एवं अंताक्षरी सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। साथ ही समाज की वरिष्ठ महिला कुंती गधर्व का शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गंधर्व समाज की महिला प्रकोष्ठ के प्रांतीय अध्यक्ष रेखा देवदास, प्रांतीय सचिव कृतिका रावना, मानकुवर गंधर्व, संतोषी देवदास, पदमनी सोनवानी, सरस्वती टांडिया, जानकी गंधर्व एवं जिलाध्यक्ष महेन्द्र देवदास, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामरतन सोनवानी, प्रांतीय उपाध्यक्ष रमन गंधर्व, प्रांतीय प्रवक्ता बेनीराम बघेल, मंथीर चौहान सहित अनेक सामाजिक महिला व पुरूष उपस्थित रहे।




## विभिन्न स्पर्धा के विजेता हुए पुरस्कृत



दूरसंचार विभाग में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह

**भिलाई।** बीएसपी के दूरसंचार विभाग में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह शुरु हो गया। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एसके महतो थे। अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रकाश की। विभागीय सुरक्षा अधिकारी एस भट्टाचार्य ने अतिथियों समेत उपस्थितजनों को सुरक्षा शपथ दिलाई और विभागीय सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सहायक महाप्रबंधक संदीप यादव द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। क्विज़, पोस्टर, स्लोगन, निबंध व कविता संबंधित स्पर्धाएं आयोजित की गयी थीं। विभाग द्वारा हिंदी के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से उपरोक्त प्रोत्साहन सप्ताह में सभी गतिविधियां और प्रतियोगिताएं पूर्णतः हिंदी में आयोजित की गयीं। समापन समारोह सीजीएम टीके कृष्ण कुमार के मुख्य आतिथ्य और महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं दूरसंचार विभाग के उत्कृष्ट सुरक्षा कार्मिक और उत्कृष्ट सुरक्षा ठेका श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया। संचालन सहायक महाप्रबंधक संदीप यादव व गिरिराज देशमुख द्वारा किया गया एवं उपप्रबंधक तथा शिव कुमार देवांगन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

शा.पॉलीटेक्निक दुर्ग में छात्रों का परिचयात्मक कार्यक्रम का आयोजन

## विद्यार्थियों को परिवहन ऐप की दी गई जानकारी, स्टेप टू स्टेप किया गाइड

कार्नर न्यूज




**भिलाई।** विद्यार्थियों को विषय संबंधित जानकारी के साथ ही यातायात के नियमों का पालन करना जरुरी है। नव प्रवेशित विद्यार्थी अपने मोबाइल में परिवहन ऐप डाउनलोड कर खुद को और परिवार को सुरक्षित रख सकते है। परिवहन के नियमों की कई आवश्यक जानकारी इंडक्शन कार्यक्रम के दौरान सतीश ठाकुर डीएसपी यातायात ने विद्यार्थियों को दी। उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक, दुर्ग में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए तीन सप्ताह का इंडक्शन कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हुआ।



### उत्कृष्ट प्लेसमेंट की दी जानकारी

प्राचार्य श्री पांडेय ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत कर संस्था के गौरवपूर्ण इतिहास से सभी को जानकारी दी। उन्होंने संस्था के 60 प्रतिशत उत्कृष्ट प्लेसमेंट से भी अवगत कराया, साथ ही तीन सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम के उद्देश्य को छात्र-छात्राओं से साझा किया एवं उन्हें विषय के ज्ञान के साथ ही एक बेहतर नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था प्रमुख के उत्कृष्ट मार्गदर्शन में प्रथम सेमेस्टर के शिक्षकों एवं एनएसएस के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सतीश कुमार ठाकुर, डीएसपी यातायात और अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्वलित कर की।

### यातायात सुरक्षा के बताएं नियम

मुख्य अतिथि सतीश कुमार ठाकुर, डीएसपी यातायात ने यातायात सुरक्षा विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने एम परिवहन एप के बारे में भी विद्यार्थियों को बताते हुए इसके लाभ का उल्लेख किया। मुख्य अतिथि ने इस एप से सम्बन्धित स्टेप टू स्टेप गाइड को साझा किया गया। श्री ठाकुर ने अपने जीवन से सम्बन्धित कई रोचक पहलुओं को छात्रों को बताते हुए धैर्य, लगन एवं मेहनत से अपने पाठ्यक्रम को पूर्ण करने में प्रेरित किया। कार्यक्रम की कड़ी में प्रथम सेमेस्टर की प्रभारी डॉ. रचना सिंह ने संस्था की विस्तृत जानकारी पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष विद्युत डॉ. साजी टी. चाको, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रानिक्स डॉ. हिमानी अग्रवाल, डॉ.राखी जंघेल, गुलशन कुमार ठाकुर, एनएसएस प्रभारी प्रदीप राजपूत एवं संस्था के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 400 नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## सिटी इवेंट

# विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण कर वन्यजीव अपराध संबंधित केस स्टडी को किया साझा




**भिलाई।** वन्यजीव अपराधों व समस्याओं के समाधान में फोरेंसिक के महत्व को परिलक्षित करने फॉरेंसिक साइंस विभाग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए मैत्री गार्डन ले जाया गया।

भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के फॉरेंसिक साइंस विभाग के छात्र-छात्राओं ने मैत्रीबाग चिड़ियाघर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर डॉ. जस्मीत सिंह, वन्यजीव स्वास्थ्य और फोरेंसिक केंद्र, दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा के वैज्ञानिक ने वन्यजीव अपराध से संबंधित कई महत्वपूर्ण केस स्टडी साझा की। उन्होंने बताया कि वन्यजीव आपराधिक जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस सत्र में विभिन्न प्रकार के वन्यजीव अपराधों पर चर्चा की गई और इन समस्याओं के समाधान में फोरेंसिक के महत्व को परिलक्षित किया गया। डॉ. सिंह ने छात्रों को पगमार्क और बालों की जांच के माध्यम से जानवरों की पहचान के तरीके भी सिखाए, जिससे उन्हें अपने क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।

### फॉरेंसिक विज्ञान की महत्वपूर्ण शाखा

वन्यजीव फॉरेंसिक्स, फॉरेंसिक विज्ञान की एक महत्वपूर्ण शाखा है, जो वन्यजीवों के खिलाफ अपराधों की जांच पर केंद्रित है। वन्यजीव फोरेंसिक्स विभिन्न विधियों का उपयोग करते हैं, जिसमें डीएनए विश्लेषण, बाल की जांच, ट्रैक पहचान और पगमार्क पहचान शामिल हैं। इसका मुख्य उद्देश्य अवैध शिकार, तस्करी और पर्यावरण अपराधों का पता लगाना और रोकना है। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रजातियों के जीवों को उनके आवासों में देखने व अन्वेषण करने चिड़ियाघर के अधिकारियों ने छात्रों के लिए भ्रमण की व्यवस्था की, इस अनुभव ने न केवल उनके वन्यजीवों में फोरेंसिक की समझ को बढ़ाया, बल्कि वन्यजीव संरक्षण और आपराधिक न्याय के बीच संबंध को भी उजागर किया। शैक्षणिक भ्रमण में बी.एस-सी. और एम.एस-सी. के समस्त विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान फॉरेंसिक साइंस विभाग की विभागाध्यक्ष निशा पटेल और सहायक प्राध्यापक जयंत बारिक ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## धर्म लाइव

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ आगाज, नुक्कड़ नाटक कर किया जागरुक



**भिलाई।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में विभिन्न कार्यक्रम प्रतिदिन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा वृहद रूप से स्वच्छता जागरूकता अभियान का आगाज किया गया है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश नायक और डॉ दीपक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों द्वारा परिसर सफाई अभियान के लिए श्रमदान किया गया। विभिन्न स्पर्धाओं के अंतर्गत रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्विज, भाषण का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आईपी मिश्रा के निर्देशन में अधिकारी, कर्मचारी, प्राध्यापक और विधार्थियों ने भवन के आसपास मार्गों की सफाई की।विद्यार्थियों ने भी पॉलिथिन कचरे को हटा कर सड़क के दोनो किनारे को साफ किया। पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से जागरूकता संदेश का प्रसार किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एके झा ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्वच्छता कार्य का संकल्प दिलाते हुए कहा कि महात्मा गांधी के स्वप्नों को तभी साकार कर सकेंगे जब हम स्वयं अपने घर और आसपास साफ सफाई रखेंगे।

### नुक्कड़ नाटक की दी प्रस्तुति

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसे सभी ने सराहा। रासेयो इकाई द्वारा चिकित्सा परामर्श शिविर भी लगाया गया। जिसे अच्छा प्रतिसाद मिला। प्राचार्य डॉ स्वर्णाली दास पॉल ने विधार्थियों का उत्साह वर्धन किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव पी के मिश्रा तथा डायरेक्टर विकास सुशील चंद्र तिवारी,रिसर्च डायरेक्टर सागर अग्निहोत्री ने भी कार्यक्रम में विधार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ रघुवंशी ने भी उपस्थित रहकर विद्यार्थियो को संबोधित किया। इस अभियान में 2 अक्टूबर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### नगर सेवा विभाग में स्वच्छता ही सेवा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा प्रशासनिक कार्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता व जीएम केके यादव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। बीएसपी स्वच्छता अभियान के तहत संयंत्र के अन्य सभी क्षेत्रों में भी नियमित सफाई जोर देने के साथ ही सभी नागरिकों को स्वच्छता संबंधित महत्वपूर्ण उपायों जैसे नालियों की नियमित सफाई, कचरा संग्रहण, गीले व सूखे कचरे के अलग-अलग निपटान के लिए अलग-अलग कूड़ेदान का प्रयोग करने करने जागरूक करने का भी कार्य कर रहा है।

## तीन दिवसीय सीबीएसई तीरंदाजी जोनल प्रतियोगिता का रुंगटा पब्लिक स्कूल मे हुआ समापन

# सात राज्यों के तीरंदाजों ने विभिन्न श्रेणियों में दी एक-दूसरे को चुनौती, कौशल और धैर्य का प्रदर्शन कर बने विजेता

**भिलाई।** तीन दिवसीय सीबीएसई तीरंदाजी जोनल प्रतियोगिता का भव्य समापन रूंगटा पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के स्कूलों के प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने अपने कौशल और धैर्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तीन दिन तक चली इस प्रतियोगिता में कुल 7 राज्यों से आए 50 स्कूलों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्होंने अलग-अलग श्रेणियों में एक-दूसरे को चुनौती दी। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी राजेन्द्र प्रसाद, सीबीएसई पर्यवेक्षक आशीष चौधरी, नेशनल कोच लेफ्टिनेंट उमेश बघेल के साथ आधिकारिक टीम के सदस्य दुर्गेश प्रताप सिंह, दिव्या टंडन, धर्मेंद्र कुमार मांडवे, धर्मेश गोफाने, एसआरजीआई अध्यक्ष संजय रुंगटा, निर्देशक जवाहर सूरी सेठी व साकेत रूंगटा, स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव कुमार, उपप्रधानाचार्या दीप्ति सिंह, क्रीडा शिक्षक तरुण उके और बैजनाथ गुप्ता उपस्थित थे।



### प्रतियोगिताओं से बच्चों में बढ़ता है आत्मविश्वास- संजय

एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने कहा कि हमारे लिए यह हर्ष का क्षण है कि हमने इस प्रतियोगिता की मेज़बानी की। मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रसाद ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा की प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं बल्कि उनमें खेल भावना और अनुशासन की भावना भी विकसित करती हैं। खेल के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि खेल एक बहुत ही आसान जरिया है, नौकरी पाने का उन्होंने बताया कि अगर एक अच्छा खिलाड़ी नेशनल या इंटरनेशनल खेल लेता है तो कम उम्र में ही उन्हें अच्छी नौकरी मिल जाती है। जिसका जीवित उदाहरण वे खुद है।





### खेल मानसिक रूप से मजबूत बनाता है

संस्था के निर्देशक जवाहर सूरी सेठी ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल मनुष्य को मानसिक रूप से मजबूत बनाता है तीरंदाजी आत्मविश्वास को मजबूत करती है और लचीलापन पैदा करती है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को खेल के महत्व को अपने बच्चों को समझाने के लिए प्रेरित किया। संस्था के डॉ.साकेत रुंगटा ने तीरंदाजी के इस जोनल मुकाबले में विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेने और भविष्य में आगे बढ़ने की बातें कही। रुंगटा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के आगे की कड़ी में प्रथम दिवस फहराए सीबीएसई झंडे को उतार कर पर्यवेक्षक आशीष चौधरी को सौंपा गया। राष्ट्रीय गीत गाकर पूर्णरूप से तीन दिवसीय तीरंदाजी की प्रतियोगिता का समापन किया गया।

### तीरंदाजों ने किया अपने कौशल का प्रदर्शन

प्रतियोगिता के अंतिम दिन तक सभी श्रेणियों में कड़े मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता में पूर्वी क्षेत्र से आए तीरंदाजों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांचित किया। स्कूल के क्रीडा शिक्षक एवं सीबीएसई द्वारा नियुक्त आयोजक सचिव विवियन एमानुएल ने टूर्नामेंट की महत्वपूर्ण विशेषताओं और उउपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि 7 राज्यों से आए खिलाड़ियों ने इस खेल को बेहतरीन ढंग से खेला और जीत हासिल की। खेल में जीत और हार लगी रहती है, हारकर हमें निराश नहीं होना, अपितु नए जोश के साथ फिर खेलने के लिए तैयार होना चाहिए।

### यह रहे विजेता

प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत विजेता रहे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। विजेता टीम आर्मी पब्लिक स्कूल सोलमारा असम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएमवाई चरोदा ने द्वितीय स्थान तथा तृतीय स्थान पर रायगढ़ की दो टीम जनमित्रम एसपीएस मेमो एसएच रायगढ़ छ.ग और दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल रायगढ़ छ.ग रहे।

## अभियान

# विद्यार्थियों को मिली पहली सफाई ट्रॉफी, प्रत्येक महीने होगा कक्षा का निरीक्षण

**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में स्वच्छता के प्रति रुझान उत्पन्न करने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में सभी छात्रों शिक्षकों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

- केंद्रीय विद्यालय में स्वच्छता के लिए चलाया अभियान

इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने विजेता कक्षाओं के मॉनिटर को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्राचार्य द्वारा यह घोषणा की गई की प्रत्येक माह में कक्षाओं को स्वच्छता के लिए एक ट्राफी दी जाएगी।

### दी गई स्वच्छता की पहली ट्रॉफी

आज पहली ट्रॉफी 2 सी एवं 12th डी को सौंपी गई। कक्षा 12वीं डी की ओर से कैप्टन आजाद खान एवं कीर्ति बेंजामिन ने स्वच्छता ट्रॉफी प्राप्त की। 2 सी की ओर से अंजलि एवं जय ने स्वच्छता ट्रॉफी प्राप्त की।

### प्रत्येक महीने होगा स्वच्छ कक्षा का निरीक्षण

इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता घंटे 2 घंटे की बात नहीं है यह हमारी आदत में शामिल होना चाहिए। अगर हम कचरे को डस्टबिन डालने का अभ्यास करेंगे तो गंदगी पर नियंत्रण हो जाएगा। बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने प्रत्येक महीने स्वच्छ कक्षा का निरीक्षण किया जाएगा। निर्णायकों द्वारा स्वच्छ कक्षा के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी और सर्वाधिक स्वच्छ कक्षा को स्वच्छता ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम साहू ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ-साथ छात्र एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## सम्मान

# रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, श्रीफल व चेक प्रदान कर दी गई विदाई




**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने समारोह का आयोजन कर अगस्त 2024 में भिलाई स्टील प्लांट के सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। सोसाइटी के अध्यक्ष पूरन देवांगन ने इन रिटायर कर्मियों को सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सोसाइटी अपने वरिष्ठ सदस्यों के साथ हमेशा रहेगी। सम्मान के दौरान रिटायर कर्मियों ने भी अपनी बात रखी। ज्यादातर ने भविष्य में भी सोसाइटी से जुड़े रहने की इच्छा जाहिर की। कुछ रिटायर कर्मियों ने अपने सेवाकाल और सोसाइटी से जुड़े संस्मरण भी सुनाए।

**बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 में हुआ आयोजन।**

### इन्हें दी गई विदाई

रिटायर कर्मियों में रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल हेमंत कुमार दुबे, लोकनाथ साहू, स्टील मेल्टिंग शॉप-2 डोमार सिंह बंजारे, नरेंद्र कुमार ठाकुर, प्रोजेक्ट से दिनेश कुमार सोनी, प्लेट मिल से एसके सरकार, रिफ्रैक्ट्री मटेरियल प्लांट-3 से सुभाष हिवसे, मर्चेंट मिल से एम जगदीश्वर राव, ए आर शॉप से केशव चंद्राकर, मशीन असेंबलिंग एंड रि-इंजीनियरिंग शॉप-1 (मार्स) से नरेंद्र कुमार बावरिया, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से सुनील एच शिंदे, हीरालाल वर्मा, प्रवीण कुमार बाग और रिफ्रैक्ट्रीज मटेरियल प्लांट 1 से सतीश कुमार श्याम का सम्मान कर विदाई दी गई। इस विदाई समारोह के अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमा परवीन, संचालक मंडल सदस्य नितिशा साहू, पुरुषोत्तम सिंह कँवर, विपिन बन्छोर, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशि भूषण सिंह, वेद प्रकाश सूर्यवंशी तथा सोसाइटी से मैनेजर सुदीप बनर्जी, पियूष कर, नारायण साहू और सुरेश कुमार कसा सहित अनेक कर्मी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन संचालक सदस्य वेद प्रकाश सूर्यवंशी ने किया।

## देश भर से आए प्रतिभागियों व अतिथियों ने भी सराहा

# पुलिस खेल समारोह में छा गया रिखी के समूह का करमा नृत्य, आदिवासियों की पारंपरिक वेशभूषा ने किया दर्शकों को आकर्षित

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ पुलिस प्रथम अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग क्लस्टर 2024-25 का उद्घाटन समारोह प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई में किया गया था। इस दौरान देश भर के आए पतिभागियों व अतिथियों के समक्ष विख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय व उनके समूह ने बस्तर आदिवासियों का माड़ी करमा नृत्य प्रस्तुत किया। जिसे देख सभी दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन के दौरान सभी कलाकारों ने आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक नृत्यों को पेश कर खिलाड़ियों में भी जोश भर दिया।





### आदिवासी लोक नृत्यों में झूम उठे लोग

दंतेवाड़ा क्षेत्र के माड़िया आदिवासियों के इस नृत्य ने आयोजन स्थल में समां बांध दिया। देश भर से आए प्रतिभागी जहां इस नृत्य के दौरान झूमने लगे वहीं उद्घाटन करने पहुंचे अतिथियों ने भी रिखी व उनके समूह के इस नृत्य को सराहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्रीविजय शर्मा थे। अध्यक्षता दुर्ग सांसद विजय बघेल ने की और दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव विशिष्ट अतिथि थे। इस दौरान राज्य के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित पुलिस विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। सभी ने रिखी क्षत्रिय व उनके समूह की प्रस्तुति की सराहना की।

### इन कलाकारों ने दी प्रस्तुति

इस प्रस्तुति के दौरान वाद्य में रिखी क्षत्रिय, डोरे लाल साहू, रामकुमार, प्रमोद ठाकुर, गायन में कुलदीप सार्वा, ओमेश्वरी साहू, नृत्य में पारस रजक, प्रदीप ठाकुर, संजीव कुमार बैस, भीमेश, प्रमोद ठाकुर, सुनील कुमार, वेदप्रकाश देवांगन, रंजीत ठाकुर, वेन कुमार, नवीन साहू, नेहा विश्वकर्मा, जया ठाकुर, जागेश्वरी यादव, शशि साहू, लीना ध्रुव, हेमा डौंडे, प्रियंका साहू, सीमा और तुलेश्वरी डोंडे का योगदान रहा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट छत्तीसगढ़ कप 27 से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ कप 2024 (महिला वर्ग) का आयोजन 27 सितंबर से किया जा रहा है।प्रतियोगिता में कुल 6 टीमें हिस्सा लेंगी। जिनमें छत्तीसगढ़ रेड, छत्तीसगढ़ ब्लू, आंध्र प्रदेश, केरल, बंगाल एवं तमिलनाडु की महिला टिमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता टी-20 फार्मेट में खेली जायेगी। सभी मैच आर.डी.सी.ए. मैदान, तेलीबांधा रायपुर में खेले जायेंगे।

इनमें 27 सितंबर को आंध्र प्रदेश बनाम केरल सुबह 9 बजे और छत्तीसगढ़ रेड बनाम तमिलनाडु सुबह 10 बजे, 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ ब्लू बनाम बंगाल सुबह 9 बजे और केरल बनाम तमिलनाडु दोपहर 1 बजे से, 29 सितंबर को छत्तीसगढ़ ब्लू बनाम छत्तीसगढ़ रेड सुबह 9 बजे से और आंध्र प्रदेश बनाम बंगाल दोपहर एक बजे से, 30 सितंबर को केरल बनाम छत्तीसगढ़ ब्लू सुबह 9 बजे से, एक अक्टूबर को आंध्र प्रदेश बनाम तमिलनाडु सुबह 9 बजे से और छत्तीसगढ़ रेड बनाम बंगाल दोपहर एक बजे से, 2 अक्टूबर को तमिलनाडु बनाम छत्तीसगढ़ ब्लू सुबह 9 बजे से और छत्तीसगढ़ रेड बनाम आंध्र प्रदेश दोपहर एक बजे से, 3 अक्टूबर को बंगाल बनाम केरल सुबह 9 बजे से और आंध्र प्रदेश बनाम छत्तीसगढ़ ब्लू दोपहर एक बजे से और 4 अक्टूबर को तमिलनाडु बनाम बंगाल सुबह 9 बजे तथा छत्तीसगढ़ रेड बनाम केरल दोपहर एक बजे से होगा। इसके बाद शीर्ष दो टीम के बीच फाइनल मैच 6 अक्टूबर को दोपहर एक बजे से खेला जायेगा। सभी मैचों का सीधा प्रसारण डिजिटल चैनल पर किया जाएगा।

### .सीनियर वुमेंस क्रिकेट में छत्तीसगढ़ विजेता



**रायपुर।** पुदुच्चेरी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सीनियर वुमेंस मल्टी स्टेट टी-20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2024 18 सितंबर जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा मैच मंगलवार को पुदुच्चेरी में विदर्भ सीनियर टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ सीनियर वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 116 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने सर्वाधिक 32 रन बनाये। साथ ही सलोनी ने 25 रनों का योगदान दिया। विदर्भ की ओर से कंचन नागवानी ने 3 विकेट प्राप्त किये। 117 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदर्भ सीनियर वुमेंस की टीम 18.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 93 रन ही बना सकी। विदर्भ की ओर से भारती ने सर्वाधिक 33 रनों योगदान दिया तथा शिवानी ने 23 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से सलोनी, उर्मिला, ऋतु मेश्राम तथा कृति गुप्ता ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने 23 रनों से मैच जीत लिया।

### तैराकी में रविवि यूटीडी ओवर ऑल चैंपियन



**रायपुर।** अंतर महाविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता ( महिला एवं पुरुष) का आयोजन गुरुकुल महिला महाविद्यालय की ओर से मंगलवार को किया गया। जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से 7 सदस्यो ने टीम मे भाग लिया। जिसमे नेहा सारवा ने चार गोल्ड मेडल, सुरेंद्र ने चार गोल्ड मेडल, मनोज ने चार गोल्ड मेडल , नवदीप ने एक गोल्ड मेडल एवं तनुजा ने एक गोल्ड मेडल प्राप्त किया। महिला वर्ग के कुल 17 इवेंट में 5 गोल्ड मेडल के साथ महिला टीम टॉप पर रही साथ ही पुरुष वर्ग 17 इवेंट में 7 गोल्ड मेडल के साथ टॉप पर रहा। इस प्रकार कुल 12 गोल्ड मेडल के साथ पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (यूटीडी) ओवरऑल चैंपियन रही।

### आज विश्व फेफड़ा दिवस, जागरुकता सबसे बड़ी जरूरत

# ऑफिस में बैठे-बैठे भी हो सकते हैं फेफड़ों की बीमारियों के शिकार, जान लीजिए इसकी वजह

फेफड़ों की बढ़ती बीमारियां चिंताजनक हैं क्योंकि इसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। लंग्स कैंसर वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बनकर उभरा है जो हर साल डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान ले रहा है। अध्ययनकर्ता बताते हैं, इन समस्याओं को काफी हद तक रोका जा सकता है अगर सभी लोग अपने जोखिमों पर ध्यान देते हुए इससे बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। शोध बताते हैं कि धूम्रपान फेफड़ों की ज्यादातर बीमारियों के लिए प्रमुख कारण है। फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 80% मौतें धूम्रपान से ही संबंधित पाई जाती हैं। इसी तरह से वायु प्रदूषण, विशेषतौर पर इनडोर प्रदूषण भी इस महत्वपूर्ण अंग के लिए खतरनाक हो सकता है। डॉक्टर बताते हैं, बाहरी प्रदूषण की तरह खराब इनडोर वायु गुणवत्ता भी फेफड़ों की गंभीर समस्याओं, अस्थमा-ब्रोंकाइटिस और यहां तक कि कैंसर का खतरा बढ़ा सकती है। अगर आपके घर-ऑफिस में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था नहीं है तो ये फेफड़ों के लिए नुकसानदायक स्थिति हो सकती है। ऑफिस में बैठे-बैठे भी आप फेफड़ों के रोग के शिकार हो सकते हैं। फेफड़ों के स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इससे संबंधित बीमारियों की रोकथाम को लेकर हर साल 25 सितंबर को वर्ल्ड लंग्स डे यानी विश्व फेफड़ा दिवस मनाया जाता है। आइए इनडोर प्रदूषण और इसके कारण होने वाली दिक्कतों को समझते हैं।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ अमित प्रकाश बताते हैं, खराब या लो-वेंटिलेशन वाली जगहों पर हवा में 100 गुना अधिक सूक्ष्म कण हो सकते हैं। इनडोर वायु प्रदूषकों के संपर्क में रहने के कारण फेफड़ों में संक्रमण जैसे निमोनिया होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा ये शरीर पर तत्काल प्रभाव भी पैदा कर सकते हैं जैसे कि आंखों, नाक और गले में जलन, सिरदर्द, चक्कर आना आदि। अस्थमा या अन्य श्वसन समस्याओं से परेशान रोगियों में इनडोर प्रदूषण लक्षणों को और भी खराब कर सकती है।

### वेंटिलेशन की कमी खतरनाक

ज्यादातर ऑफिस कांच के शीशों और एयर कंडीशन से पैक होते हैं, लिहाजा इमारतों में उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था का अभाव हो सकता है। इसकी वजह से बंद कमरों में ताजी हवा नहीं आ पाती और न ही अंदर की हवा बाहर जा पाती है। इस तरह की स्थितियों में न सिर्फ श्वसन संक्रमण फैलने का खतरा अधिक होता है, साथ ही इससे दीर्घकालिक तौर पर फेफड़ों को भी क्षति पहुंच सकती है। चूंकि अधिकतर लोग अपने दिन का ज्यादातर समय ऑफिस में ही बिताते हैं, ऐसे में इनमें फेफड़ों की समस्याओं का जोखिम और अधिक हो सकता है।



### किन्हें इसका खतरा अधिक?

डॉक्टर बताते हैं, लंग्स कैंसर वाले कई मरीज जो सिगरेट नहीं पीते थे, उनकी हिस्ट्री जानने के दौरान पता चला कि या तो उनमें सेकेंड हैंड स्मोकिंग या फिर इनडोर प्रदूषण के कारण ये समस्या विकसित हुई। वैसे तो इनडोर प्रदूषण के कारण होने वाली समस्याओं का जोखिम किसी को भी हो सकता है। पर जो लोग अधिकतर समय बंद कमरों या ऑफिस में बिताते हैं या फिर पहले से ही फेफड़ों की बीमारी के शिकार हैं उनमें जटिलताएं अधिक देखी जाती हैं। बच्चों का भी ज्यादातर समय स्कूल में बीतता है, इसकी वजह से इनडोर वायु प्रदूषण के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों का जोखिम इनमें भी अधिक हो सकता है। डब्ल्यूएचओ की सलाह विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक रिपोर्ट में बताया कि वयस्कों में फेफड़ों के कैंसर से होने वाली लगभग 11% मौतें इनडोर वायु प्रदूषण से उत्पन्न कैंसरकारी तत्वों के कारण होती।

# तेल में तलकर नहीं, भाप से पकाएं पूड़ी

पूड़ी खाने का मन है, लेकिन कोलेस्ट्रॉल की चिंता है। तेल में फ्राई पूड़ी अनहेल्दी तो होती है। अगर हम आपको बगैर तेल के पूड़ी बनाने के तरीके बताएं, तो क्या कहेंगे? आइए आप भी ये ट्रिक्स सीख लीजिए।

मुझे पूड़ी सब्जी, पूड़ी-छोले, पूड़ी-कद्दू की सब्जी, शॉर्ट में कहूं तो पूड़ी खाना बहुत पसंद है। मगर अक्सर मन मार लेती हूं। दरअसल, पूड़ी तेल में डीप फ्राई होती है और आटा तेल को इतने अच्छे से अब्जॉर्ब कर लेता है कि उंगलियों में भी तेल की चिपचिपाहट रह जाती है।

ऐसे में ऑयली पूड़ी खाने के डर से कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का डर मुझे रहता है। ये डर आपमें से भी कुछ लोगों को होगा। अब त्योहार या खास इवेंट्स में तो पूड़ी ही बनाई जाती है। ऐसे में पूड़ी खाने का मन कैसे नहीं होगा।

लेकिन हम आपको हेल्दी पूड़ी बनाने के टिप्स बता दें तो? जी हां, ऐसे टिप्स में जिसमें आपको पूड़ी तेल में डीप फ्राई करने की जरूरत नहीं है। अगर आप ये ट्रिक्स जानना चाहते हैं, तो इस लेख को पूरा जरूर पढ़ें।



### पूड़ी को भाप में पकाएं

तेल रहित पूड़ी बनाने के लिए भाप में पकाना एक अपरंपरागत तरीका लगेगा, लेकिन यह प्रभावी तरीका है। हालांकि, उनमें पारंपरिक कुरकुरापन नहीं होगा, लेकिन भाप में पकाई गई पूड़ी फिर भी फूल जाएंगी और उनकी सॉफ्टनेस बरकरार रहेगी।

### क्या करें

आटे को हमेशा की तरह अच्छी तरह गूंथकर लोइयां बनाएं। इसके बाद, गोल आकार में बेल लें। स्टीमर तैयार करें और उसमें रोल की गई पूड़ी को रखें। ध्यान रखें कि वे एक-दूसरे से छिपके बिल्कुल भी नहीं। फूलने तक 5-7 मिनट तक भाप में पकाएं। इसके लिए ट्रांसपेरेंट लिड का इस्तेमाल करें, ताकि आपको पूड़ी फूलते हुए दिखाई दें। जैसे-जैसे पूड़ी फूले, उन्हें तुरंत प्लेट में निकाल लें। बिना किसी अतिरिक्त तेल के नरम, फ्लफी जैसी पूड़ी का आलू की सब्जी के साथ मजा लें।

### पूड़ी को माइक्रोवेव करें

अगर आपके पास समय कम है और आप तेल गर्म करके घंटों किचन में वक्त बिताना नहीं चाहते हैं, तो आप माइक्रोवेव का सहारा ले सकते हैं। इसमें भी पूड़ी अच्छी तरह से पक जाती है।

# राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ टीम रोहतक रवाना



**रायपुर।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं हरियाणा बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वाधान में 43वी सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024-25 बालक एवं बालिका का आयोजन रोहतक हरियाणा के आर्मी पब्लिक स्कूल में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन बालक एवं बालिका टीम 23 सितंबर दुर्ग से रोहतक के लिए रवाना हुई। छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव वाय राजा राव ने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन सब जूनियर टीम में चयनित खिलाड़ी बालक टीम में जयचंद (धमतरी), पुष्कर (धमतरी), डेमन कुमार (धमतरी), दीपक कोसरे (बस्तर), नरेश कश्यप (बस्तर), सुमित सिंह ठाकुर (कबीरधाम), किशन आयुष यादव (बिलासपुर), भारत नायक (दुर्ग), धलेंद्र कुमार यादव (महासमुंद) कोच सूरज नायक मैनेजर भोज राज, बालिका टीम- उर्मिला बघेल (बस्तर), रागिनी नाग (बस्तर), वसुंधरा कश्यप (बस्तर), तेजस्वानी (धमतरी), चेतना (धमतरी), तृप्ति ठाकुर (कबीरधाम), आकांशा ध्रुव (बिलासपुर), अदिति गावेल (रायगढ़), गीतांजलि साहू (महासमुंद), मिली मुखर्जी (दुर्ग) कोच रमेश सिंह (बस्तर), मैनेजर पूनम निषाद (बस्तर) आदि शमिल है।

- 43वी सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में पदक की उम्मीद



# कहीं आप भी तो नहीं हो रहे घोस्टिंग के शिकार

घोस्टिंग यह ऐसा शब्द है जो हाल ही में प्रचलन में आया है। आपने अपने दोस्तों के मुंह से इस शब्द का उच्चारण सुना होगा, पर बहुत से लोग आज भी यह नहीं जानते हैं कि आखिर यह घोस्टिंग है क्या ? दरअसल, जब कोई व्यक्ति अचानक और बिना खास वजह के आपसे दूर होने लगे और आपको इग्नोर करने लगे तो इसे घोस्टिंग कहते हैं।

कई बार घोस्टिंग के मामले मेंटल हेल्थ से जुड़े होते है, क्योंकि बहुत से लोगों में रिश्ता स्वीकारने की हिम्मत नहीं होती, जिस वजह से भी वह घोस्टिंग का सहारा लेकर अपने पार्टनर को इग्नोर कर देते हैं। ऐसे में अक्सर मनोवैज्ञानिक भी कहते हैं कि अपनी जिंदगी में घोस्टर्स को जगह नहीं देनी चाहिए। अगर आप यह सोच रहे हैं कि आप भी घोस्टिंग के शिकार हो रहे हैं, तो यहां कुछ संकेत हैं जिनसे आप पहचान सकते हैं। यदि इन संकेतों के जवाब हां मिल रहा है, तो तुरंत उस व्यक्ति से दूरी बनाएं।

### अचानक बात कर दे बंद

हर किसी में कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनसे नियमित रूप से बातचीत होती है। ऐसे में अगर वही व्यक्ति बिना किसी वजह से अचानक बात करना बंद कर दे तो यह घोस्टिंग का संकेत हो सकता है।

### मैसेज का जबाव न देना

कोई व्यक्ति इतना व्यस्त नहीं होता, कि वो एक मैसेज का जवाब न दे पाए। ऐसे में यदि आपका भेजा हुआ संदेश



सीन करके छोड़ दिया जाए, तो यह एक स्पष्ट संकेत हो सकता है कि आपको घोस्टिंग का शिकार हो रहे हैं।

### योजनाओं को बार-बार टालना

यदि सामने वाला व्यक्ति बार-बार मिलने या बात करने की योजनाओं को टालता रहता है और बिना किसी वैध कारण के बार-बार बहाने बनाता है, तो यह एक संकेत हो सकता है कि आपका रिश्ता या दोस्ती घोस्टिंग की ओर बढ़ रही है। ऐसे में आपको संभलने की जरूरत है।

### सोशल मीडिया पर अनुपस्थिति

सोशल मीडिया पर तो आजकल हर कोई एक्टिव रहता है। ऐसे में अगर सामने वाला व्यक्ति सोशल मीडिया पर सक्रिय है, लेकिन आपके संदेशों का उत्तर नहीं दे रहा है या आपके पोस्ट को अनदेखा कर रहा है, तो यह घोस्टिंग का संकेत हो सकता है।

### दोस्तों या परिचितों से भी दूरी

अगर आप किसी कॉमन फ्रेंड्स या परिचितों के माध्यम से उस व्यक्ति के बारे में जानने की कोशिश करते हैं और वे भी आपसे दूरी बनाते हैं, तो यह घोस्टिंग का एक और संकेत हो सकता है। क्योंकि सामने वाला हर किसी को ये पहले से ही बोल देता है कि आपको किसी तरह की जानकारी न दी जाए।



कार्नर न्यूज

### जीवन में सफलता प्राप्त करने का प्रतीक माना जाता है मां दुर्गा के गुणों को

# हर नारी को अपनाने चाहिए नवदुर्गा के गुण, महिलाएं बनेंगी और सशक्त

शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरु हो रही है,जिसका समापन 11 अक्टूबर महानवमी तिथि को होगा। इस दौरान नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ अलग अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। नवदुर्गा का हर स्वरूप नारी सशक्तिकरण के लिए नौ गुणों का प्रतीक है। ये गुण है- धैर्य, सहनशीलता, भक्ति, शक्ति, तपस्या, साहस, धर्म, पवित्रता और सिद्धि। नवरात्रि का पर्व इन गुणों को अपनाने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान भक्त व्रत रखते हैं और विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। यह पर्व भक्ति, साहित्य, संगीत, और कला का उत्सव है और समाज में महिलाओं की स्थिति को सशक्त बनाने पर जोर देता है। नवदुर्गा के गुणों को अपनाकर नारी शक्ति को सम्मान दिया जाता है और समाज में सशक्त बनाया जा सकता है। आइए जानते हैं मां दुर्गा के नौ स्वरूपों और उनके महत्व के बारे में।



**मां शैलपुत्री:** नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जो धैर्य का प्रतीक हैं। उन से हमें धैर्य और सहनशीलता का गुण सीखना चाहिए, ताकि जीवन की कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता पाई जा सके।

**मां ब्रह्मचारिणी:** मां ब्रह्मचारिणी तपस्या और संयम का प्रतीक है। यह स्वरूप हमें इच्छाओं को नियंत्रित कर कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा देता है, जिससे हम अपने लक्ष्यों को पा सकें।

**मां चंद्रघंटा:** तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा होती है, जो भक्ति और सेवा का स्वरूप हैं। यह स्वरूप हमें दूसरों की सेवा करने और सहयोग की भावना को अपनाने की प्रेरणा देता है।

**मां कूष्मांडा:** मां कूष्माण्डा साहस का प्रतीक हैं। यह स्वरूप हमें जीवन की चुनौतियों का साहस और उत्साह से सामना करने की प्रेरणा देता है।

**मां स्कंदमाता:** मां स्कंदमाता मातृत्व और संतानों के प्रति देखभाल का प्रतीक हैं। एक आदर्श नारी में मातृत्व का गुण होना आवश्यक होता है, जो प्रेम और देखभाल का प्रतीक है।

**मां कात्यायनी:** मां कात्यायनी को धर्म और न्याय का प्रतीक माना जाता है। यह स्वरूप हमें सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है।

**मां कालरात्रि:** मां कालरात्रि विनाश का प्रतीक हैं। यह स्वरूप हमें हानिकारक और नकारात्मक चीजों का त्याग करने और कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति देता है।

**मां महागौरी:** मां महागौरी पवित्रता का प्रतीक हैं। यह स्वरूप हमें अपने जीवन में शुद्धता और पवित्रता बनाए रखने की प्रेरणा देता है, जिससे हम बुराई से दूर रहें।

**मां सिद्धिदात्री:** मां सिद्धिदात्री साधना और आत्मसमर्पण का प्रतीक हैं। यह स्वरूप हमें साधना के माध्यम से आत्मिक विकास और सिद्धि प्राप्त करने की प्रेरणा देता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मेगालोपोलिस' का न्यूयॉर्क में हुआ प्रीमियर, रॉबर्ट ने की ट्रंप पर चर्चा



अमेरिकी अभिनेता और फिल्म निर्माता रॉबर्ट डी नीरो की नई फिल्म 'मेगालोपोलिस' का प्रीमियर 23 सितंबर, को न्यूयॉर्क के एएमसी लिंकन स्क्वायर में हुआ। इस अवसर पर फिल्म की स्टारकास्ट के अलावा कई मशहूर हस्तियां नजर आईं। डी नीरो ने अपनी फिल्म के बारे में चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी चर्चा की। 'मेगालोपोलिस' फ्रांसिस फोर्ड कोपोला द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित 2024 की अमेरिकी विज्ञान ड्रामा फिल्म है। इसका प्रीमियर न्यू यॉर्क में 23 सितंबर को हुआ। इसके प्रीमियर के दौरान रॉबर्ट के अलावा डस्टिन हॉफमैन, क्लो फाइनमैन, ऑब्रे प्लाजा, फ्रांसिस फोर्ड कोपोला और नथाली इमैनुएल मौजूद थे। प्रीमियर के दौरान फिल्म के अलावा रॉबर्ट ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी चर्चा की। 'मेगालोपोलिस' एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिसे डी नीरो ने 20 सालों में तैयार किया है। इस फिल्म में शहरी जीवन, राजनीति और समाज की जटिलताओं को दिखाया गया है। प्रीमियर के दौरान, डी नीरो ने बताया कि यह फिल्म दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती है साथ ही उनके लिए एक गहरी अनुभव पेश करती है। फिल्म के प्रीमियर में प्रसिद्ध निर्देशक स्पाइक ली भी मौजूद थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फिल्में केवल मनोरंजन करने के लिए नही होती हैं बल्कि वे समाज की सच्चाइयों को उजागर करने के लिए होती हैं। 'मेगालोपोलिस' फिल्म में एडम ड्राइवर, जियानकार्लो एस्पोसिटो, नथाली इमैनुएल, ऑब्रे प्लाजा, शिया लाबेयोफ, जॉन वोइट, लॉरेंस फिशबर्न, टालिया शायर, जेसन श्वार्टजमैन, कैथरीन हंटर, ग्रेस वेंडरवाल, क्लो फाइनमैन, जेम्स रेमर, डीबी स्वीनी और डस्टिन हॉफमैन ने अभिनय किया है।

### टॉलीवुड

## विदेश में भी जूनियर एनटीआर का जलवा प्रभास के बाद मिली खास उपलब्धि



जूनियर एनटीआर की देवराः पार्ट 1 इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही है। फिल्म को लेकर फैंस में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। तीन दिन बाद यानी 27 सितंबर, 2024 को यह फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। कई भाषाओं में रिलीज होने जा रही इस फिल्म के लिए दीवानगी केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी देखने को मिल रही है। विदेश में एडवांस बुंकिग के मामले में जूनियर एनटीआर ने एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है। दरअसल, जूनियर एनटीआर की लगातार दो फिल्में प्री-सेल में 20 लाख डॉलर से अधिक की कमाई कर चुकी हैं। ऐसा कारनामा करने वाले वह दूसरे भारतीय अभिनेता बन चुके हैं।

इससे पहले प्रभास ने सलार और कल्कि 2898 एडी की प्री सेल्स की वजह से यह रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किया था। देवरा की बात करें तो इस फिल्म का निर्देशन कोरतल्ला शिवा ने किया है। इसमें जूनियर एनटीआर के अलावा जान्हवी कपूर भी हैं। फिल्म में सैफ अली खान विलेन के रोल में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इसका दूसरा ट्रेलर जारी किया गया था, जिसे देखकर प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया था। सोशल मीडिया पर फैंस ने इस ट्रेलर की जमकर तारीफ की थी। इस फिल्म में श्रीकांत, प्रकाश राज, मुरली शर्मा, शाइन टॉम चाको और गेटअप श्रीनू जैसे शानदार कलाकार भी हैं। अनिरुद्ध रविचंदर इस फिल्म को अपने संगीत से सजाया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो जूनियर एनटीआर इन दिनों प्रशांत नील के साथ एक फिल्म में काम करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, इसको लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

### भोजपुरी

## 'लॉटरी' के ट्रेलर ने उड़ाया गर्दा, 9 घंटे में ढाई लाख व्यूज



इस वक्त भोजपुरी फिल्म 'लॉटरी' की चर्चा है, जिसका ट्रेलर मंगलवार को रिलीज होते ही छा गया है। मात्र 9 घंटे में ही यह ढाई लाख से ज्यादा बार देखा चुका है। फैंस भी तारीफ कर रहे हैं और कह रहे हैं कि धीरू यादव भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को बदलकर मानेंगे। धीरू यादव ने ही 'लॉटरी' को डायरेक्ट किया है, जबकि रत्नाकर कुमार प्रोड्यूसर हैं। 'लॉटरी' के ट्रेलर में खतरनाक चेज और एक्शन सीन्स देखने को मिले हैं, जिन्होंने फैंस को मुरीद बना लिया है। माही श्रीवास्तव का खौफनाक और निडर अंदाज हैरान कर रहा है। फिल्म में एक्शन के साथ-साथ कॉमेडी और रोमांस का भी डोज देखने को मिलने वाला है। 'लॉटरी' का ट्रेलर देख फैंस हैरान, कर रहे तारीफ 'लॉटरी' का ट्रेलर देख फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक फैन ने लिखा है, 'भोजपुरी में ऐसी ही बढ़िया मूवी की जरूरत है।' एक और फैन का कमेंट है, 'लगता है धीरू भाई भोजपुरी इंडस्ट्री को बदलकर मानेंगे।' एक अन्य फैन ने लिखा है, 'भोजपुरी सिनेमा में एक अलग पहल, ऐसी ही फिल्मों की जरूरत है।'लॉटरी' को लेकर रत्नाकर कुमार ने बताया था कि यह एक अनोखी कहानी पर आधारित है, जो दर्शकों को भरपूर मनोरंजन के साथ एक नई सोच भी देगी। साथ ही बताया था कि इस फिल्म में उन्होंने कई नई तकनीकों का इस्तेमाल किया है।

## बैचलर फैशन

### लाइफ स्टाइल



अमेरिकी टेलीविजन सीरीज 'बैचलर' में दर्शकों को शानदार फैशन का नजारा देखने को मिलता है। ढेर सारे चमकीले हार और चटख रंगों में किरदार उभर कर सामने आते हैं। यहां सारे किरदार आधुनिक फैशन के ढंग सिखाते नजर आते हैं। दुनिया भर के डिजाइनर इनके कपड़ों की तारीफ से खुद को रोक नहीं पाते हैं।

## हैवी झुमके की ये डिजाइंस आपके एथनिक लुक की बढ़ा देंगे शान

सजने-संवरने आप जो भी आउटफिट पहन रही हैं, उसके साथ केवल केवल एक अच्छी डिजाइन वाली झुमकी पहन लें। इससे आपके एथनिक लुक को एक नया आयाम भी मिल जाएगा और आपको इसके लिए बहुत ज्योदा महनत भी नहीं करनी होगी।

### प्रेशियस स्टोन वाले झुमके की डिजाइंस

प्रेशियस स्टोन वाले झुमके हर महिला के ज्वेमलरी कलेक्शआन का हिस्सा् होते ही हैं। इन झुमकों को आप किसी भी आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। बेस्टव बात तो यह है कि इन झुमको को पहनने के बाद आपका लुक बहुत ही एलिगेंट लगता है। आप इन झुमको को किसी भी अवसर पर किसी भी तरह के आउटफिट के साथ पहन सकती हैं। झुमके की ये डिजाइंस न सिर्फ आपके आकर्षण को बढ़ाती हैं, बल्कि आपकी खूबसूरती में चार चांद भी लगाती हैं।

### जरकन स्टोन वाले झुमके

जरकन स्टोन वाले झुमके हमेशा से ही ट्रेंड का हिस्साढ रहे हैं। इस तरह के झुमके में आपको बाजार में बहुत सारी वेराइटी मिलेंगी। बेस्टज बात तो यह है कि आप किसी भी तरह के हैवी और लाइट वेट वाले आउटफिट्स के साथ इन्हेंट कैरी कर सकती हैं। बेस्टो बात तो यह है कि आपको इन झुमकों में लाइट और हैवी वेट वाली डिजाइंस देखने को मिल जाएंगी। वैसे तो जरकन में आपको कलर्स भी मिल जाएंगे, मगर आप पर्ल और स्टों स के कॉम्बिनेशन वाले झुमके यदि खरीदती हैं, तो वो आपके लुक्सग में एलिगेंस को जोड़ देते हैं।



### पर्ल झुमके की डिजाइंस

पर्ल झुमके हमेशा से क्लासिक और टाइमलेस रहे हैं। इनकी सादगी और एलिगेंस आपको हर अवसर पर खूबसूरत बनाती है। पर्ल झुमकों में आपको एक से बढ़कर एक डिजाइंस मिल जाएंगी। इसमें आपको लटकन, झालर और झूमर आदि सब मिल जाएगा। आप इस तरह के झुमके को फेस्टिवल्सग में सिंपल कुर्ती के साथ भी कैरी करेंगी, तब भी आपको लुक बेमिसाल लगेगा।


### ऑक्सीडाइज झुमके की डिजाइंस

ऑक्सीडाइज झुमके एथनिक लुक को एक नया अंदाज देते हैं। इनकी डार्क फिनिश और कारीगरी आपको एक अलग और विशिष्ट पहचान देती हैं। यह आमतौर पर चांदी के होते हैं और इनकी पॉलिश इन्हेंक ऑक्सी डइाज लुक देती है।

## चाहती हैं न्यू लुक तो वियर करें ये मल्टी कलर सूट, देखें डिजाइंस




अगर आप त्यौहारों या खास मौकों पर अपनी शानदार मौजूदगी जताना चाहती हैं तो न्यू लुक के लिए लेटेस्ट डिजाइन वाले मल्टी कलर सूट का चुनाव कर सकती हैं। कई सारे मौकों पर महिलाएं सूट पहनना पसंद करती हैं। दरअसल, सूट में जहां वो कंफर्टेबल रहती हैं तो वहीं इस आउटफिट में वो स्टाइलिश भी नजर आती हैं। बाजार में आपको कई सारे डिजाइंस से लेकर पैटर्न वर्क वाले सूट मिल जाएंगे, जिन्हें आप कई सारे मौकों पर वियर कर सकती हैं। अगर आप त्यौहारों या धार्मिक पूजा में शामिल रही हैं और इस दौरान न्यू लुक चाहती हैं तो, आप इन मल्टीकलर सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इस तरह के सूट में आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।



### मिरर वर्क सूट

इस तरह का मिरर वर्क सूट खास मौके पर पहनने के लिए बेस्ट है और इस सूट में काफी खूबसूरत नजर आएंगी। इस सूट में मिरर वर्क किया हुआ है साथ ही ये मल्टीकलर में है। इस तरह के सूट को आप 2,000 रुपये की कीमत में ले सकती हैं। इस सूट के साथ मिरर वर्क या चोकर स्टाइल कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं। अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के मिरर वर्क सूट का भी चुनाव कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट

यह एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट भी इस खास मौके पर पहन सकती हैं। इस सूट में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया है और इस सूट को वियर करने के बाद आपका लुक रॉयल नजर आएगा। इस सूट को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1,500 से 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ आप चोकर या पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।

### सीक्विन वर्क सूट

यह सीक्विन वर्क सूट भी दुर्गा पूजा के मौके पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस सूट में जहां आप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। इस सूट को आप 2,000 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

## काली पीठ को चकाचक करने में मदद करेंगी ये चीजें, त्वचा दिखेगी साफ-सुथरी

मौसम चाहे कैसा भी खूबसूरत त्वचा पाने के लिए सही तरीके से देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए केवल चेहरे ही नहीं, बल्कि शरीर के अन्य जगहों को भी साफ-सुथरा रखना जरूरी होता है। ज्यादातर हम टैनिंग के कारण हुए त्वचा के कालेपन को लेकर परेशान रहते हैं।

सही तरीके से साफ-सफाई न करने के कारण भी शरीर में टैनिंग के कारण डार्कनेस आ सकती है। ऐसे में अक्सर पीठ की त्वचा का रंग काला पड़ने लगता है। तो आइये जानते हैं कैसे करें काली पीठ की घरेलू चीजों से सफाई करने का तरीका-

### खीरे को त्वचा पर लगाने के फायदे क्या हैं?

खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करने के काम आते हैं। इसमें मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।



### मुल्तानी मिट्टी को स्किन पर लगाने से क्या होता है?

टैनिंग हटाने में मददगार साबित होता है। नेचुरल तरीके से स्किन व्हाइटनिंग ट्रीटमेंट की तरह काम करता है। त्वचा को साफ-सुथरा बनाने का काम करता है।

### गुलाब जल को त्वचा पर लगाने से क्या होता है?

यह त्वचा का पीएच लेवल बरकरार रखने में सहायता करता है।डार्क स्पॉट्स कम करने में मदद साबित होता है।स्किन के पोर्स को साफ कर इन्हें मिनीमाइज करने का काम करता है।

## इन तेल की मदद से स्किन से जुड़ी हर समस्या होगी कम, जानें इसका इस्तेमाल

बदलते मौसम के दौरान स्किन की केयर करना काफी जरूरी है। दरअसल, स्किन केयर नहीं करने पर जहां स्किन से जुड़ी समस्या पैदा हो जाती हैं तो, वहीं स्किन का ग्लो भी कम हो जाता है। ऐसे में स्किन की केयर करना काफी जरूरी है। वहीं अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो इस तरह स्किन को ज्यादा केयर करने की जरूरत है। वहीं जिन भी महिलाओं की स्किन सेंसिटिव हैं वो आपकी त्वचा की केयर करने के लिए नारियल तेल और टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल कर सकती है।

### त्वचा के लिए फायदेमंद है नारियल तेल

नारियल तेल कई सारे गुणों से भरपूर है और ये सभी गुण सेहत के साथ-साथ चेहरे के लिए भी फायदेमंद हैं। नारियल तेल में फाइबर, कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है और ये सभी गुण त्वचा की केयर करने के लिए उपयोगी हैं। इसी के साथ नारियल तेल त्वचा को मॉइस्चराइज करने का भी काम करता है।

**दाग-धब्बों को समस्या को दूर करने में मददगार है टी ट्री ऑयलः** टी ट्री ऑयल में कई सारे



गुण होते हैं और ये सभी स्किन की केयर करने के लिए बेहद ही उपयोगी हैं। टी ट्री ऑयल में एंटी इंफ्लेमेटरी एंटी फंगल व एंटी बैक्टीरियल गुण जो चेहरे के दाग-धब्बों को दूर करने के लिए मददगार साबित हो सकते हैं।

### इस तरह करें इस्तेमाल

एक कांच कटोरी ले।नारियल तेल को हल्का गर्म कर लें। इसमें टी ट्री तेल मिक्स करें।इस मिश्रण को चेहरे पर अप्लाई करें।हल्के हाथों से मसाज करें।

### कार्नर न्यूज

### फेशियल हेयर को किसी फैशन स्टेटमेंट से कम नहीं माना जाता है आज

## ट्रेंडी बॉलीवुड बियर्ड को जानिए, इससे यूथ को मिलेगा बेहद शानदार लुक

*किसी व्यक्ति की उपस्थिति को शानदार बनाने और ट्रेडिशनल इमेज को तोड़ने की क्षमता फेशियल हेयर में है। एक सलीकेदार और अच्छी तरह से तैयार की गई दाढ़ी एक साधारण पोशाक को भी उभार दे सकती है। जबकि, बेतरतीब और लापरवाही से मेंटेन की गई बियर्ड स्टाइलिश पोशाक को भी खराब कर सकती है। ये बियर्ड के बढ़ते जोर का ही असर है कि, आज बियर्ड प्रोडक्ट्स का कारोबार एक अरब डॉलर से ज्यादा का हो चुका है।*

*आज बियर्ड प्रोडक्ट्स में बियर्ड ऑयल से लेकर सीरम तक मौजूद हैं। इन प्रोडक्ट्स का कब्जा अब छोटे जनरल स्टोर में भी दिखने लगा है। एक समय में मेंस ग्रूमिंग के नाम पर केवल शेविंग फोम और एक रेजर ही मौजूद हुआ करता था।*

### सिद्धांत चतुर्वेदी

सिद्धांत चतुर्वेदी, इन दिनों 'हैवी स्ट्बल' लुक को मेंटेन कर रहे हैं। जोया अख्तर की फिल्म 'गली बॉय' में एमसी शेर के रूप में डेब्यू करने के बाद, सिद्धार्थ चतुर्वेदी लगातार एक के बाद एक फिल्मों को हासिल कर रहे हैं। यहां तक कि उनकी स्टाइल और ब्यूटी में भी समय के साथ बदलाव और काफी हद तक सुधार हुआ है। उदाहरण के लिए, आप उनकी बियर्ड स्टाइल को ही लें। चूंकि सिद्धांत के बाल घुंघराले होते हैं, इसलिए वह नहीं चाहते थे कि उनकी दाढ़ी भी घुंघराली ही डेवलप हो। साथ ही वह इससे पूरी तरह छुटकारा नहीं पाना चाहते थे।नतीजतन, उन्होंने एक हैवी स्ट्बल का विकल्प चुना, जो एक स्क्रूफ और फुल बियर्ड के बीच में कहीं है। यह एक बेहद आला दर्जे की और केयर फ्री बियर्ड स्टाइल है।




### रितिक रोशन

बॉलीवुड के ग्रीक गॉड कहे जाने वाले रितिक इन दिनों 'स्क्रफ' स्टाइल बियर्ड लुक को मेंटेन कर रहे हैं। बिना किसी शक, रितिक रोशन देश के सबसे अच्छे दिखने वाले पुरुषों में से एक हैं। हाल ही में, अमेरिका की एक एजेंसी ने उन्हें पिछले साल वर्ल्ड में मोस्ट हैंडसम मैन का खिताब दिया था। कोई भी स्टाइल जो वह मेंटेन करते हैं, कुछ ही समय में ट्रेंड में आ जाती है। यही कारण है कि, कहो ना प्यार है से लेकर उनकी लेटेस्ट फिल्म तक ये जादू बना हुआ है। वर्तमान में, रितिक एक लाइट स्क्रफ बियर्ड को मेंटेन कर रहे हैं। इस लुक को पाने में केवल कुछ दिनों तक ही बियर्ड को बढ़ाना पड़ता है। इस बियर्ड को मेंटेन करने के लिए बहुत ज्यादा बढ़ाना नहीं पड़ता है। ये स्किन के भी काफी करीब रहती है।

### वरुण धवन

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों 'बाल्बो बियर्ड' मेंटेन कर रहे हैं। वरुण धवन हाल ही में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ शादी के बंधन में बंधे हैं। दूल्हे के रूप में, उन्होंने सुनिश्चित किया कि वह उस पार्टी में सबसे अच्छे दिखाई दें। उनके चेहरे पर खुशी की प्राकृतिक चमक के अलावा, यह उनके बाल थे जो उन्हें ऐसा करने में मदद करते थे। द स्टूडेंट ऑफ द ईयर स्टार ने अपनी शादी के कुछ दिन पहले ही बाल्बो बियर्ड मेंटेन करना शुरू किया था।